दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ




वर्ष : 13 | अंक : 99 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### लाल किले के पास धमाके की जांच में बड़ा खुलासा

# आतंकी बाबरी का बदला लेना चाहते थे

## देशभर में 32 कारों से धमाके की थी बड़ी साजिश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे।

इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक 3 कारें बरामद हो चुकी हैं। चौथी चौथी स्विफ्ट डिजायर की तलाश है। 10 नवंबर जिस आई20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को कैबिनेट मीटिंग में टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया।

पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। इसके बाद हरियाणा के खंदावली गांव में लावारिस गाड़ी की खबर सामने आई।

इस गाड़ी की जांच के लिए NSG बॉम्ब स्क्वाड की टीम पहुंची है। गाड़ी अभी तक पूरी तरह से खोली नहीं गई है। सोर्स के अनुसार गाड़ी जहां मिली, वह उमर के ड्राइवर की बहन का घर था।



### दिल्ली ब्लास्ट में 3 खुलासे...

**पहला**

**जनवरी में लाल किले की रेकी की थी-** दिल्ली को दहलाने की साजिश जनवरी से रची जा रही थी। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल डंप डेटा से पता चला कि फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल गनी और धमाके में कथित रूप से मारे गए डॉ. उमर नबी ने जनवरी में कई बार लाल किले की रेकी की थी। दोनों ने वहां की सुरक्षा-और भीड़ का पैटर्न समझा था। पुलिस को शक है कि आतंकियों की प्लानिंग 26 जनवरी पर लाल किले पर हमले की थी, जो तब नाकाम हो गई।

**दूसरा**

**दिल्ली में 6 दिसंबर को हमले का प्लान था -** नबी दिल्ली में 6 दिसंबर को हमला करना चाहता था, लेकिन मुजम्मिल की गिरफ्तारी से प्लान बिगड़ गया। यह बात 8 आरोपियों से पूछताछ में सामने आई हैं। इस अंतरराज्यीय मॉड्यूल का केंद्र फरीदाबाद में था। गिरफ्तार आतंकियों में 6 डॉक्टर हैं। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। अलफलाह में पढ़ा रहा था। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है।

**तिसरा**

**खाद की बोरी बता विस्फोटक जुटा रहा था गनी-** फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में काम कर रहा कश्मीरी डॉ. मुजम्मिल गनी खाद की बोरियां बताकर किराए के कमरे में विस्फोटक सामग्री जमा कर रहा था। 20 दिन पहले मुजम्मिल कमरे में कुछ बोरियां रखने आया था, तब पड़ोसियों ने उससे पूछा था कि इसमें क्या है? जवाब में मुजम्मिल ने कहा था कि ये खाद के कट्टे हैं। इन्हें कश्मीर ले जाना है। इस कमरे से 100 मीटर दूर एक मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पुलिस ने फुटेज जब्त कर लिए हैं।

### दिल्ली में सुरक्षा बढ़ी, यात्रियों को सलाहः एयरपोर्ट, मेट्रो, ट्रेन के लिए दें अतिरिक्त समय

दिल्ली पुलिस ने लाल किला विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर हवाई, ट्रेन और मेट्रो यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। यात्रियों को असुविधा से बचने और सुरक्षा जांच में सहयोग के लिए क्रमशः एक घंटा, 20 मिनट और तीन घंटे पहले पहुँचने की सलाह दी गई है, जो बढ़ी हुई सतर्कता का परिणाम है। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर यात्रियों से अतिरिक्त समय लेकर अपनी यात्रा की योजना बनाने का आग्रह करते हुए एक एडवाइजरी जारी की है।

एडवाइजरी के अनुसार, ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को निर्धारित प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले पहुँचना चाहिए, मेट्रो यात्रियों को कम से कम 20 मिनट पहले पहुँचना चाहिए, और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों को अपनी उड़ान से कम से कम तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुँचने की सलाह दी जाती है। इस परामर्श का उद्देश्य समय पर विमान में चढ़ने की सुविधा प्रदान करना तथा दिल्ली में रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और हवाई अड्डे सहित प्रमुख परिवहन केन्द्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम समय में होने वाली देरी को रोकना है।

यह परामर्श 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला परिसर के पास हुए एक घातक कार विस्फोट के बाद जारी किया गया है, जिसमें 12 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। अधिकारियों ने जनता से आग्रह किया है कि वे कड़ी सतर्कता के इस दौर में सुरक्षा बनाए रखने और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करें।




## सुबह 8.30 बजे से होगी ईवीएम की मतगणना 4372 टेबल पर गिने जाएंगे 5 करोड़ वोट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना शुक्रवार 14 नवंबर को सुबह 8.00 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, इसके ठीक आधे घंटे बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू कर दी जाएगी। बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लगभग 5 करोड़ वोटों को 4372 काउंटिंग टेबल पर गिना जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता, सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार, पोस्टल बैलेट की गिनती संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर या असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों के सामने होगी। बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर मतगणना के लिए व्यवस्था की गई है। हर क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग ऑफिसर और एक काउंटिंग ऑब्जर्वर तैनात रहेगा।



### विवाद होने पर वीवीपैट पर्चियों से होगा ईवीएम के वोटों का मिलान

चुनाव परिणामों को राउंड-वाइज और विधानसभा-वार संकलित कर संबंधित आरओ की ओर से चुनाव आयोग के आधिकारिक परिणाम पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। ईवीएम के वोटों की गिनती के दौरान हर कंट्रोल यूनिट को टेबल पर लाया जाएगा और एजेंटों को दिखाया जाएगा कि उसकी सील एवं सीरियल नंबर में दर्ज विवरण से मेल खाते हैं या नहीं। अगर किसी बूथ में मतों की संख्या या रिकॉर्ड में कोई असमानता पाई जाती है, तो उस बूथ की वीवीपैट पर्चियों की अनिवार्य रूप से गिनती की जाएगी। हर टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट और एक माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है। इसके अलावा 18,000 से अधिक काउंटिंग एजेंट, जो उम्मीदवारों की ओर से नियुक्त किए गए हैं, मतगणना प्रक्रिया की निगरानी करेंगे जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।

## पुणे में भीषण हादसा : पुल पर ट्रक ने छह गाड़ियों को मारी टक्कर; 8 जिंदा जले



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )** महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहां बेंगलुरू-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 4 के एक पुल के ऊपर चल रहा मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर 6 गाड़ियों से टकरा गया। इसकी वजह से आसपास मौजूद 8 लोग जिंदा जल गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा मालवाहक ट्रक के ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ। ब्रेक फेल होने के बाद वह एक के बाद एक गाड़ियों से टकराता गया और फिर आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक तेज टक्कर की वजह से आग एकदम तेजी के साथ भड़क उठी। इसकी वजह से लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। फिलहाल मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। घटना के तुरंत बाद ही प्रशासन ने वहां पर मोर्चा संभाल लिया है। दमकल की गाड़ियां वहां पर पहुंच चुकी है। बचाव कार्य शुरू किया जा चुका है। दुर्घटना के बाद जले हुए वाहनों को हटाने का काम किया जा रहा है।



## सम्पादकीय

# आतंक की गहरी जड़ें, चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे

दिल्ली में लाल किले के निकट कार में विस्फोट के बाद इस आतंकी घटना को लेकर जैसे चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे यही सिद्ध होता है कि फरीदाबाद आतंकी माड्यूल ने एक बहुत बड़ी साजिश रची थी। इस माड्यूल में शामिल एक डाक्टर की कार में किसी गफलत में विस्फोट होने से आतंकी साजिश का भंडाफोड़ तो हो गया, पर इसकी अनदेखी न की जाए कि वे 26/ 11 जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने की ताक में थे। उन्होंने एक साथ कई धमाके करने के लिए कारें जुटाने के साथ घातक हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा जमा कर लिया था। इस आतंकी साजिश में शामिल होने वालों की संख्या बढने के साथ फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी की भूमिका को लेकर संदेह गहराने से यही स्पष्ट होता है कि कश्मीर से लेकर देश के अन्य हिस्सों में आतंक की जड़ें कहीं अधिक गहराई तक जम चुकी हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी केवल इसीलिए कठघरे में नहीं कि वह अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्या में कश्मीरी डाक्टरों को नियुक्त कर रही थी, बल्कि इसलिए भी है कि उसने ऐसे डाक्टरों को भी नौकरी दी, जो दूसरी जगहों से बर्खास्त किए गए थे।

इनमें से एक कश्मीरी डाक्टर को तो आतंक और अलगाववाद की खुली तरफदारी करने के लिए बर्खास्त किया गया था। इसका मतलब है कि अल फलाह प्रबंधन किसी की नियुक्ति के पहले उसकी पृष्ठभूमि जांचने का काम या तो करता ही नहीं था या फिर उसकी अनदेखी करना पसंद करता था। इसे देखते हुए इस शिक्षा संस्थान की गहन जांच जरूरी हो जाती है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य एजेंसियों को फरीदाबाद आतंकी माड्यूल की जांच करते हुए उन कारणों की भी तह तक जाना होगा, जिनके चलते मजहबी उन्माद से ग्रस्त होकर आतंक की राह पर चलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब आतंक के रास्ते पर कोई भी चलता मिल सकता है, वह चाहे अनपढ़ हो या उच्च शिक्षित, निर्धन हो या धनवान।

तथ्य यह भी है कि कट्टर मजहबी तत्वों के जहरीले बयान मात्र किसी को आतंकी नहीं बनाते। इसके साथ उनका अपना परिवेश और खासकर ऐसा विषाक्त नैरिटव भी उन्हें आतंक के रास्ते पर ले जाने का काम करता है कि उन्हें हाशिये पर धकेला जा रहा है या उनके लोगों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। इसके साथ ही यह दुष्प्रचार भी उन्हें उन्माद और बदले की आग से भरता है कि उनकी मजहबी मान्यताएं या फिर मजहब ही खतरे में है। ऐसा



दुष्प्रचार केवल कट्टरपंथी तत्व ही नहीं करते। वोट बैंक की सस्ती राजनीति के चलते दल विशेष के नेता भी ऐसा ही कुछ माहौल बनाते हैं। यह माहौल उन्माद से ग्रस्त हो रहे तत्वों के लिए विक्टिम कार्ड खेलने और कई बार आतंक के रास्ते पर चलने का जरिया बन जाता है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 14 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं


- 1681 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के अलग रियासत बनने की घोषणा की।
- 1922 - ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा शुरू किया। वह ब्रिटेन में रेडियो प्रसारण करने वाली पहली संस्था बनी।
- 1973 - ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से शादी की। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था।
- 1999 - संयुक्त राष्ट्र एक माह के भीतर अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को सं.रा. अमेरिका या किसी तीसरे देश को न सौंपने के कारण तालिबान पर प्रतिबंध लागू, राष्ट्रमंडल सम्मेलन (डरबन, दक्षिण अफ़्रीका) द्वारा पाकिस्तान को निलम्बित करने की घोषणा।
- 2002 - चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2006 - भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एंटी-टेरेरिज्म मैकेनिज्म बनाने पर सहमति जतायी।
- 2007 - डेनमार्क के प्रधानमंत्री आन्द्रे फ़ाग रासमुस्सेन ने लगातार तीसरी बार देश का कार्यभार सम्भाला।
- 2008 - पूर्व केन्दीय मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस के नेता अजीत पांजा का निधन। मून इम्पैक्ट प्रोब चाँद की सतह पर उतरा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव सम्पन्न हुआ।
- 2009 -मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के 15 डिब्बे जयपुर के बांसखो फाटक के पास पटरी से उतर गए। हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई है।
- 14 नवंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1993 - विकास ठाकुर - लुधियाना, पंजाब से आने वाले भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ़्टर) हैं।
- 1992 - अमिया कुमार मलिक - भारतीय धावक हैं।
- 1948 - सिंधुताई सपकाल - अनाथ बच्चों के लिए कार्य करने वाली मराठी सामाजिक कार्यकर्ता थीं।

## विशेष आलेख

# बाल दिवस : हमने चाँद छुआ, पर बचपन की मिट्टी खो दी



प्रो. आरके जैन



एक सदी बाद जब कोई पुरातत्वविद् हमारे शहरों की मिट्टी उलटेगा, तो उसे एक अजीब-सा दृश्य दिखेगा। ज़मीन के नीचे दबे लाखों प्लास्टिक के खिलौने, टूटे स्मार्टफोन, और एक मोटी धूल भरी फाइल - जिसके कवर पर लिखा होगा बाल दिवस 2025 - भाषण, नारे, तस्वीरें। वह फाइल खोलेगा तो पन्ने अपने आप खुलेंगे, पर उनमें कोई बच्चे की हँसी नहीं बचेगी। वह हैरान होकर पूछेगा - इतनी समृद्ध सभ्यता, इतनी तकनीक, फिर भी ये लोग हर साल एक दिन बच्चों को याद करने के लिए मजबूर थे? यह सवाल अभी हमारे कानों में गूँज रहा है। अभी वक्त है। अभी हम बदल सकते हैं। अभी हम यह तय कर सकते हैं कि आने वाली सदी को भाषणों की धूल भरी फाइल न मिले, बल्कि जीवंत बचपनों की चमक मिले। जब किसी बच्चे की आँखों में सपनों की चमक उभरती है, तो वह सिफऱ्.एक मासूम मुस्कान नहीं होती - वह आने वाले कल की धडक़न होती है। उसकी खिलखिलाहट में वह ऊर्जा होती है जो किसी भी समाज की दिशा बदल सकती है। 14 नवंबर को हम बाल दिवस मनाते हैं, क्योंकि यह पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती है। लेकिन यह सिफऱ्.चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि नहीं है। यह उस विचार का जश्न है जो कहता है -बच्चे देश की आत्मा हैं। नेहरू जी जानते थे कि यदि बच्चों की सोच स्वतंत्र होगी, तो देश की सोच भी स्वतंत्र होगी। शिक्षा उनके लिए पाठ्यपुस्तक नहीं, जीवन जीने की कला थी। आज जब स्कूलों में गुब्बारे उड़ते हैं, तो यही सवाल पूछना चाहिए - क्या हम उस विचार को जी रहे हैं, या सिफऱ्. उसका नाम ले रहे हैं? आज का बच्चा दो भाषाएँ जन्म से बोलता है - माँ की लोरी और एल्गोरिदम की धुन। दुनिया का ज्ञान उसकी उंगलियों पर है, लेकिन हम उसे सिफऱ्.डेटा का भंडार बना रहे हैं या समझ भी दे रहे हैं? एक तरफ़ डिजिटल इंडिया, दूसरी तरफ़ डिजिटल डिवाइड। हमने स्मार्टफोन थमा दिया, पर नीली स्क्रीन से बचाने वाला मानसिक स्वास्थ्य नहीं। गाँव की लड़कियां सूरज को छूना चाहती है, पर उनके स्कूल में टॉयलेट नहीं। हम अंतरिक्ष में झंडा गाड़ रहे हैं, पर ज़मीन पर लाखों बच्चियाँ शौचालय के अभाव में स्कूल छोड़ देती हैं। शहरों में ऊँची इमारतें हैं, खेल के मैदान गायब। पार्कों की जगह पार्किंग। बच्चे कंक्रीट के जंगल में लुका-छिपी खेलते हैं जहाँ छिपने की जगहें हैं, भागने की नहीं। हम उन्हें मॉल की कंडीशंड हवा में आउटडोर का झूठा अहसास देते हैं, फिर हैरान होते हैं कि डायबिटीज़ दस साल की उम्र में दस्तक दे रही है। शिक्षा की बात करते हैं, पर सिखाते क्या हैं? रटंत, रैंक, रिजल्ट। असफलता से उठना नहीं सिखाते। गलती करना अपराध नहीं, प्रयोग है - यह नहीं बताते। करुणा जीवन का ऑपरेटिंग सिस्टम है - यह नहीं समझाते। नतीजा, टॉप रैंक वाला बच्चा एक मार्क कम आने पर आत्महत्या कर लेता है। हमने जीतना सिखाया, हार संभालना नहीं। करियर बनाना सिखाया, जिंद्रगी जीना नहीं। बचपन कोई उम्र नहीं, अवस्था है - जिसमें सवाल करने की हिम्मत हो, गलत होने का डर न हो, हर चीज़ में जादू दिखे। हमने होमवर्क, ट्यूशन और परफेक्शन के बोझ तले दबा दिया। अब वक्त है बोझ हटाने का, आकाश वापस देने का। बच्चे केवल भविष्य के नागरिक नहीं, वर्तमान के शिक्षक भी हैं। उनकी जिज्ञासा हमें प्रश्न पूछना सिखाती है, मासूमियत सच्चाई की कीमत बताती है, उत्साह याद दिलाता है कि जीवन लक्ष्य पाने का नाम नहीं, अनुभव करने की प्रक्रिया है। नेहरू जी ने कहा था, हम अपने बच्चों को वह जीवन दें जो भय से मुक्त हो। आज यह वाक्य और प्रासंगिक है। जब समाज तनाव, हिंसा और असमानता से भरा हो, तब बच्चों के मन को सुरक्षित रखना ही सबसे बड़ा राष्ट्रनिर्माण है। लाखों बच्चे अभी भी मजदूरी के औज़ार थामे हैं, पेट की भूख से लड़ते हैं। बाल दिवस का असली अर्थ तभी पूरा होगा जब यह अंतर मिटेगा - जब हर बच्चा, गाँव का हो या शहर का, अमीर हो या गरीब, शिक्षा और सम्मान का हकदार बनेगा। असली क्रांति तब होगी जब स्कूल की दीवारें गिरेंगी। जब किसान का बेटा खेत में केमिस्ट्री सीखेगा, मछुआरे की बेटी लहरों से फिजिक्स। जब कूड़ा बीनने वाला बच्चा रीसाइक्लिंग का बिजनेस मॉडल बना लेगा। तब नवाचार लैब में नहीं, जिंद्गी की मजबूरी में जन्म लेगा। तब ढ्क्त से ज़्यादा रक्त (एडेप्टेबिलिटी कोशंट/अनुकूलन क्षमता) महत्वपूर्ण होगी। हमें बच्चों को केवल अच्छे अंक नहीं, अच्छा इंसान बनने की दिशा देनी है। सफलता का अर्थ प्रतिस्पर्धा में आगे निकलना नहीं, समाज में कुछ अच्छा जोडऩा है। यदि हर बच्चा संवेदना, दया, सृजन और सत्य को पहचान ले, तो भारत का भविष्य चमत्कार से कम नहीं होगा। यह बाल दिवस कोई त्योहार नहीं, अलार्म है। अगर हम अभी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। वह नहीं पूछेगी कितनी जीडीपी बढ़ाई। पूछेगी - तुमने हमारे लिए कौन सा आकाश बचाया? यह दिन संकल्प का दिन है। संकल्प कि दस साल में हर बच्चे को गुणवत्ता शिक्षा मिलेगी, हर गाँव में मुफ्त इंटरनेट वाली लाइब्रेरी होगी, लड़कियों को साइंस लैब में बराबर हक मिलेगा। हम बच्चे को उपभोक्ता नहीं, सृजनकर्ता बनाएँगे।

# असम के बहुविवाह निषेध विधेयक 2025 के मायने क्या है!



रामस्वरूप रावतसरे

*एक समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में ये एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार के मुताबिक, कानून का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और धार्मिक आधार पर समाज में समानता लाना है।*

असम 'बहुविवाह निषेध कानून' लागू करने जा रहा है। इसके लागू होने के साथ ही असमवासी एक से ज्यादा शादी तब तक नहीं कर सकता, जब तक की उसका पार्टनर जिंदा है या उसने उसे तलाक नहीं दे दिया है। अगर व्यक्ति एक से ज्यादा विवाह करने का दोषी पाया गया, तो उसे 7 साल जेल की सजा हो सकती है। बहुविवाह यानी एक से ज्यादा विवाह। पुरुष हो या स्त्री दोनों के एक ही वक्त में एक से ज्यादा विवाह प्रतिबंधित होगा। बहुविवाह पर रोक लगाने के लिए ये कानून बनाया जा रहा है। एक समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में ये एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार के मुताबिक, कानून का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और धार्मिक आधार पर समाज में समानता लाना है। सीएम हिमंता सरमा के अनुसार नए कानून के लागू होने के बाद, बहुविवाह के मामलों में गैर-जमानती अपराध के रूप में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सरकार बहुविवाह से पीडि़त महिलाओं के लिए मुआवजे का एक विशेष कोष स्थापित करेगी, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता दी जा सके। हम चाहते हैं कि कोई भी महिला इस स्थिति में आर्थिक तंगी का सामना न करे, इसलिए सरकार उनकी मदद के लिए आगे आएगी। हालाँकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों पर लागू नहीं होगा। पुरुष के जेल जाने के बाद महिला का क्या होगा? या, अगर वह पुरुष की जानकारी के बिना उसकी दूसरी पत्नी है, तो महिला ही पीडि़त है। कभी-कभी, पुरुष द्वारा दूसरी महिला से शादी करने के बाद पहली पत्नी को घर से निकाल दिया जाता है। इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई महिला पीडि़त न बने, असम सरकार एक सहायता राशि महिलाओं को देगी। मुआवजे की राशि और पात्रता के मानदंड नियम बनने पर तय किए जाएँगे। ऐसा कानून लाने वाला असम देश का पहला राज्य होगा। राज्य के बराक घाटी, मध्य असम के जमुनामुख और होजई में बांग्ला भाषी मुस्लिम की तादाद ज्यादा है। इन क्षेत्रों में बहुविवाह के केस ज्यादा आते हैं। असम कैबिनेट ने जिस 'असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025'को मंज़ूरी दी है, उसे 25 नवंबर को राज्य विधानसभा में पेश किए जाने की उम्मीद बताई जा रही है। विधेयक के कानून बनने के बाद भी जनजातीय समुदाय पर ये लागू नहीं होगा। उन्हें इस कानून से छूट दी गई है। इनमें बहुविवाह हो सकता है। राज्य के बीटीएडी, दिमा हसाओ और कार्बी आंगलोंग जैसे जनजातीय समुदाय की बहुतायत है। विधेयक के तहत छूट के बारे में सीएम सरमा का कहना है कि, आदिवासी लोगों को इससे बाहर रखा जाएगा क्योंकि उनके कुछ रीति-रिवाज हैं। और छठी अनुसूची के जिलों में, जो बीटीसी (बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद), दीमा हसाओ और कार्बी आंगलोंग में आते हैं, ये विधेयक तुरंत लागू नहीं होंगे.. इसलिए छठी अनुसूची के क्षेत्रों में, अगर कोई अल्पसंख्यक मुसलमान 2005 से पहले वहाँ रहा है, तो उसे भी छूट दी जाएगी।

## बढ़ता राजस्थान

# दस रूपये में गारंटेड़ जन्नत का टिकिट



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी
अलवर संस्करण

ये क्या बकवास लगा रख्खी है? दस रूपये में तो आजकल पैसेंजर ट्रेन का टिकिट भी नहीं आता और ये जनाब दस रूपये में जन्नत के टिकिट देने का दावा अपने कंटेंट में कर रहे हैं। लोग यूं ही हज की यात्रा में जाते हैं क्या लाखों रूपये लगाकर? या फिर भागवत कथा में लाखों रूपये यूं ही लगा देते हैं क्या ? स्वर्ग या जन्नत में कमरा बुक करवाने के लिए कई तो भण्ड़ारा तक करते हैं। एक संत थे वे गाँव के दूसरे कोने में एक आश्रम बनाकर रहते थे। संत अधिक ज्ञानवान तो थे नहीं वे समझते थे कि नर सेवा ही नारायण सेवा होती है इसलिए हर महीने छोटा सा भण्ड़ारा किया करते थे। जितना भी चढ़ावा आता उसी हिसाब से भण्ड़ारा करवा देते। एक दिन भण्ड़ारे के दिन भण्ड़ारे से पहले गाँव की एक गरीब असहाय व बुजुर्ग महिला ने झेपते हुए संत से कहा कि महाराज जी मैं भी भण्ड़ारा करवाना चाहती हूं ..ताकि मुझे में स्वर्ग की प्राप्ति हो सके। लेकिन मेरे पास पैसे नहीं हैं। संत ने पूछा कितने पैसे हैं तो बुर्जुग महिला बोली मेरे पास तो मात्र दस रूपये हैं। संत मुस्काए और बोले माता आज का भण्ड़ारा आपके नाम निकाल दस का नोट..। संत को दस का फटा,मला,कुचला सा नोट थमाते हुए महिला डऱ रही थी, इधर संत ने दस का नोट लेकर एक सेवादार को बुलवाया और परचून की दुकान से दस रूपये का नमक लाने को कहा। सेवादार दस रूपये का नमक लाया और संत ने महिला के हाथ से रायते में नमक ड़लवाया और कहा कि मां आज के राम रायते का प्रसाद का स्वाद तेरे भण्डारे में जुड गया। महिला अतयंत प्रसन्न हुई। संत बोले तेरे सीधे स्वभाव और श्रृद्धा के कारण मां तुझे मात्र दस रूपये में स्वर्ग का टिकिट मिल गया। इधर हम अहंकार में भर कर समाज के सामने दानवीर बनते हैं और यहां पुण्य का प्रमाण पत्र और स्वर्ग का टिकिट ले लेने का दम्भ भरते हैं लेकिन ऊपर जाने के बाद पता चलता है कि टिकिट तो महज दस रूपये का आता था जो हमने कभी खरीदा ही नहीं...।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# निमोनिया से राहत पाने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स

निमोनिया फेफड़ों से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिससे ज्यादातर छोटे बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। निमोनिया एक प्रकार का फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है, जो वायरस, बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण के कारण होता है। निमोनिया होने पर फेफड़ों में हवा की थैली में सूजन आ जाती है और उसमें तरल या पस भर जाता है। इसके कारण सांस लेने में कठिनाई होती है और शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। अगर समय पर इलाज न मिले, तो मरीज की जान जाने का भी खतरा होता है। निमोनिया होने पर डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाइयों का सेवन करने के साथ ही आप अपनी डाइट में कुछ फूड्स को भी शामिल करें। जी हां, कुछ ऐसे फूड्स है, जो निमोनिया से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** ठंड के मौसम में मार्केट में हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, बथुआ और सरसों जैसी सब्जियां आने लगती है। इन सब्जियों में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स और आयरन पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने और इंफेक्शन को ठीक करने में मदद करते हैं। ऐसे में, हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से आपकी निमोनिया की शिकायत खत्म हो सकती है।

**विटामिन-सी से भरपूर फूड्स :** अगर आप निमोनिया से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो विटामिन-सी रिच फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। दरअसल, विटामिन-सी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है। इससे संक्रमण को ठीक करने में मदद मिलती है। इसके लिए आप अपनी डाइट में नींबू, संतरा, आंवला और कीवी जैसे खट्टे फलों को शामिल कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपकी आय में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, इसलिए प्रत्येक काम को करने के लिए तत्पर रहेंगे। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या थी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी और आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिलने की संभावना है। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपका किसी करीबी से वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको महिला मित्र से सावधानी बरतनी होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा टास्क मिलेगा, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे। आप अपने कामों से लोगों का दिल जीतेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में ठीक-ठाक रहने वाला है। धन को लेकर आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कड़ी मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। नौकरी में मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं लगेगा। आर्थिक मामलों को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। करियर में आपको कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। खर्चों के कारण आपकी जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। आपको खर्चों को कंट्रोल करना होगा, नहीं तो भविष्य में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपनी पारिवारिक मामलों को लेकर यदि कोई टेंशन है, तो आप उसे परिवार के सदस्यों से बातचीत करके निपटा लें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अपने कामों में सोच समझकर बदलाव करने के लिए रहेगा। आपका मन परेशान रहेगा। आप काम को लेकर आलस्य करेंगे, जो बाद में आपके लिए टेंशन बनेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आपकी किसी बात को किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में लड़ाई-झगड़ा खड़ा हो सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको अपनी चिंताओं को लेकर अपने जीवनसाथी से बातचीत करनी होगी।

## शांति सागर महाराज की प्रतिमा आज वेदी पर स्थापित होगी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक में आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में प्रथम आचार्य आचार्य 108 शांतिसागर महाराज की प्रतिमा शुक्रवार को वेदी पर रिद्धि सिद्धि मित्रों के साथ आचार्य श्री के ससंघ सानिध्य में एवं विधानाचार्य पंडित मनोज शास्त्री के सानिध्य में स्थापित होगी । समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं अंकुर पाटनी बताया कि 14 नवंबर शुक्रवार को प्रातः काल गुरु को निमंत्रण के पश्चात अभिषेक शांतिधारा के बाद घटयात्रा, याग मंडलविधान वेदी शुद्ध, वास्तु विधान, हवन के पश्चात प्रथम आचार्य शांति सागर महाराज को नई वेदी पर विराजमान की जाएगी, जिसके पुनर्जक स्व. कज़ोड़मल, शेखरचंद, कमलेश कुमार, वेणी प्रसाद, पवन कुमार, विनायक जैन कल्ली परिवार को मिला, तत्पश्चात सभी कार्यकर्ता का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा । इसके पूर्व आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में अभिषेक शांतिधारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया, सायंकाल आरती, शास्त्र सभा एवं आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाने के आदेश, एनएचएआई ने जारी किया नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**जहाजपुर (मोहम्मद आज़ाद नेब)** । भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गुलाबपुरा से उनियारा तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-148डी के संचालन एवं रखरखाव के तहत जहाजपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की है। एनएचएआई ने जहाजपुर क्षेत्र में हाइवे के किनारे हो रहे अतिक्रमण को लेकर परियोजना निदेशक एनएचएआई कोटा द्वारा जारी नोटिस में बताया गया है कि किमी 153.4180 से किमी 153.4190 के मध्य राजमार्ग की दायीं/बायीं ओर मध्य बिंदु से लगभग 16 मीटर की दूरी पर अतिक्रमण पाया गया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि पांच दिन के भीतर अतिक्रमण को स्वयं हटाया जाए, अन्यथा एनएचएआई द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी और अतिक्रमण हटाने का खर्च भी संबंधित व्यक्ति या संस्था से वसूला जाएगा। गौरतलब है कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148डी (गुलाबपुरा-उनियारा अनुभाग, किमी 69.267 से किमी 282.936) के संचालन और रखरखाव कार्य के दौरान सामने आए अवैध कब्जों को हटाने के तहत की जा रही है।

## दीपावली के बाद लापता हुआ ट्रक ड्राइवर, दर्ज कराई गुमशुदगी

बढ़ता राजस्थान



**दूनी (नि.स.)।** घाड़ थाना क्षेत्र के जूनिया गांव निवासी एक ट्रक ड्राइवर के लापता होने का मामला सामने आया है। ड्राइवर के भाई ने गुरुवार को थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। मामले में बन्नालाल गुर्जर पुत्र उद्दालाल गुर्जर ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनका भाई रामजस उर्फ रामप्रसाद गुर्जर दीपावली के त्यौहार के बाद ट्रक ड्राइवरी के काम पर गया था। परिजनों से उसकी नियमित रूप से बातचीत होती थी। आखिरी बार रामजस की बात अपने परिवार से गत 7 नवंबर को हुई थी। उस समय उसने बताया था कि वह चाकसू (जयपुर) पहुंच गया है और जल्द ही घर मिलने आएगा। इसके बाद से ही रामजस का मोबाइल फोन बंद आ रहा है और आज तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। ड्राइवर के लापता के मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महादेव मीणा समेत परिजनों ने घाड़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा चलाए जा रहे सडक़ सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान के तहत पुलिस थाना मेहंदवास व यातायात शाखा टोंक द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जाकर ग्राम छान में स्थित सेंट पॉल स्कूल एवं महाविद्यालय में लगभग 750 बच्चों को व रविन्द्र विद्यालय में लगभग 650 बच्चों को यातायात संबंधी अभियान व नियमों की जानकारी दी गई, साथ ही यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक किया गया, इसके अलावा संयुक्त अभियान के दौरान सभी बाल वाहिनियों में लगे सुरक्षा उपकरण चेक किए गए तथा बाल वाहिनियों के चालकों को फायर सेफ्टी के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक सवार दो घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बरौनी पुलिया के समीप एक मोटरसाइकिल व एक ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाईक सवार दो जने घायल हो गए। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि विशाल पुत्र राजू नायक निवासी चोरू व दिनेश पुत्र हनुमान प्रजापत निवासी गाडौली जिला टोंक बाईक पर सवार होकर निवाई से टोंक की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बरौनी पुलिया के समीप एक ट्रैक्टर ने उनकी बाईक के टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए।

## 'सरदार:150' पदयात्रा 16 एवं 17 नवम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा माय भारत के माध्यम से जिले में होने वाली दो सरदार:150 पदयात्रा का आयोजन 16 एवं 17 नवम्बर को जिले में किया जाएगा। माय भारत के जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 नवम्बर को गंगापुर सिटी में अग्रवाल कॉलेज से पुरानी अनाज मण्डी तक एवं 17 नवम्बर को चौथ का बरवाड़ा में घुडले वाले बालाजी से एस्सार पेट्रोल पम्प होते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय से सबजी मण्डी होते हुए मुख्य बाजार से भेडोला चौराहा से चौथ का बरवाड़ा मंदिर ट्रस्ट की धर्मशाला तक सरदारञ्च150 पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

देश में पहली बार घड़ियाल संरक्षण की अनूठी कवायद

# घड़ियाल के 10 शावकों को चम्बल नदी के प्राकृतिक आवास में छोड़ा

### चम्बल अभ्यारण्य को 'घड़ियाल हॉटस्पॉट' के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम: संजय शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरुवार को जिले के राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य, पालीघाट में घडियालों के संरक्षण और सुरक्षा की एक अनूठी पहल की शुरुआत की। उन्होंने पांच माह उम्र के 10 घडियाल हैचलिंग्स (शावक) को चम्बल नदी में उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा। वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्थान द्वारा रियरिंग फास्ट ट्रैक-हेड स्टार्टिंग कार्यक्रम के तहत घडियाल के इन बच्चों को अंडों से बाहर निकालने के बाद संरक्षित किया गया था। इस पुनर्वास कार्यक्रम के तहत कुल 30 घडियाल हैचलिंग्स को जिले के खण्डार स्थित राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य, पालीघाट में उनके प्राकृतिक आवास चम्बल नदी में छोड़ा जाना है।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक शिखा मेहरा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) राजेश गुप्ता, उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम), रणथम्भौर बाघ परियोजना डॉ. रामानंद भाकर, रेंजर किशन कुमार सांखला उपस्थित रहे। राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बताया कि यह घडियाल संरक्षण का यह अनूठा कार्यक्रम मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देशानुसार शुरू किया गया है। वन विभाग ने चंबल किनारे मादा घडियाल के अंडे देने के स्थान से अंडे से निकले बच्चों को संरक्षण के लिए रेस्क्यू किया गया। तब इनकी लम्बाई लगभग 25 सेंटीमीटर थी। सुरक्षा की दृष्टि से उन सभी को अलग-अलग केबिन में रखकर घडियाल के शावकों को नेचुरल फूड (जिंदा मछली) दी गई, जिससे वह शिकार की आदत नहीं भूलें। अब जब ये घडियाल के बच्चे 75 सेंटीमीटर के हो गए हैं, तब उनको प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जा रहा है। कुल 30 में से 10 घडियाल शावकों को आज छोड़ा गया है, शेष को 5-6 दिन के अंतराल पर चंबल नदी में छोड़ा जाएगा। इन शावकों की निगरानी के लिए इनके शरीर पर एक डिवाइस लगाया गया है, जिससे इनकी पानी के अन्दर एक-एक गतिविधि की निगरानी वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

वन राज्यमंत्री ने चंबल अभयारण्य का अवलोकन कर घडियाल संरक्षण, कृत्रिम प्रजनन और वैज्ञानिक रियरिंग तकनीकों की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि चम्बल नदी क्षेत्र के पारिस्थितिकी संतुलन की धुरी है। यहाँ घडियालों का संरक्षण वन्यजीव संरक्षण मात्र नहीं, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता का प्रतीक है। पालीघाट में जिस प्रकार वैज्ञानिक ढंग से कार्य हो रहा है, उसी तर्ज पर धौलपुर और अन्य क्षेत्रों में भी चम्बल नदी तंत्र में घडियाल संरक्षण को सशक्त किया जाएगा। डॉ. भाकर ने बताया कि जुलाई 2025 में पालीघाट में स्थापित घडियाल रियरिंग सेंटर में वैज्ञानिक पद्धति से इन हैचलिंग्स का पालन-पोषण किया गया।

इनकी लंबाई बढक़र लगभग 75 सेंटीमीटर तक हुई है। इनमें से 10 घडियालों को आज प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया, जबकि शेष को आगामी दिनों में 5-5 के समूहों में क्रमवार छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना घडियाल संरक्षण योजना की एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे चम्बल नदी क्षेत्र में घडियालों की संख्या और सुरक्षा दोनों में वृद्धि होगी।

## अनूठी मिसालः शिवाड़ ग्रामवासियों ने विद्यालय विकास हेतु 1.30 लाख रुपए का चेक सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के नवाचार भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर, शिवाड़ ग्रामवासियों ने शिक्षा के क्षेत्र में जनसहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामवासियों ने सामूहिक सहयोग की भावना दिखाते हुए 1 लाख 30 हजार की राशि एकत्रित की और मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत जमा करवाने हेतु इसका चेक जिला कलेक्टर कानाराम को सुपुर्द किया। यह चेक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाड़ के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सैन द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्टर को सौंपा गया।

**जिला कलेक्टर ने की पहल की प्रशंसाः** जिला कलेक्टर कानाराम ने ग्रामवासियों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, शिवाड़ ग्रामवासियों की यह पहल जिले के अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा स्रोत सिद्ध होगी। जब समाज और सरकार मिलकर काम करते हैं, तभी शिक्षा का वास्तविक विकास संभव होता है। उन्होंने समाज की सक्रिय भागीदारी को शिक्षा के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत, जनसहयोग से प्राप्त 40 प्रतिशत राशि के अनुपात में 60 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने बताया कि ग्रामवासियों द्वारा दिए गए 1.30 लाख के सहयोग के बदले, विद्यालय को राज्य सरकार से अतिरिक्त 1 लाख 95 हजार का अनुदान प्राप्त होगा। इस प्रकार, विद्यालय के भौतिक विकास कार्यों के लिए कुल 3 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत होगी। यह राशि विद्यालय में कक्षा-कक्षों और शौचालयों की मरम्मत, प्रिंटर-इनवर्टर क्रय, विद्यालय परिसर के सौंदर्यकरण तथा अन्य आवश्यक भौतिक विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी। इस दौरान जिला परिषद सदस्य प्रेम प्रकाश शर्मा, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार माली, व्याख्याता मुकेश मीणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राहोली में पंचायत द्वारा रखवाई गई पेयजल टंकी में पानी नहीं भरने से ग्रामीणों में रोष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव राहोली के रैगरों के मोहल्ले से गुजर रही रोड पर यात्रियों व मोहल्ले वासियों के लिए पंचायत द्वारा पेयजल के लिए टंकी रखवाई गई थी। मगर उसमें पंचायत द्वारा पानी नहीं भरा जाता है जिससे यात्रियों व मोहल्ले वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणो ने टंकी के पास पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करके विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीण अरविंद बैरवा, रामजीलाल खटीक, नेनूराम रैगर, मोतीलाल रैगर, गोपाल रैगर, पुरण रैगर व दिनेश रैगर ने बताया कि यहां पर बस का ठहराव रहता है। जिससे दिनभर यात्रियों का आना-जाना रहता हैं मगर पानी की सुविधा नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच फूला देवी मीणा का कहना है कि पेयजल का कार्य चल रहा है जिसकी वजह से टंकी में पानी नहीं आ रहा है। 15-20 दिन में कार्य पूरा हो जाएगा और फिर टंकी में रोजना पानी भरा जाएगा।

## भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को जन-जन तक पहुचाएं : सीईओ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जन्म जयंती जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को पूरे जिले में मनाया जाएगा। सीईओ ने आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। धानका ने निर्देश दिए कि भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को जन-जन तक पहुचांए। अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ उनका संघर्ष अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि विशेष रुप से इन कार्यक्रमों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवावर्ग, सामाजिक संगठनों को जोड़ो जाएं। छात्र-छात्राओं को बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष के बारे में बताया जाएं। सीईओ ने बताया कि 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के तहत ग्राम, पंचायत समिति एवं जिला मुख्यालय पर विविध कार्यक्रम आयोजित होगें। राष्ट्रीय आयोजन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण, जनजातीय गौरव से संबंधित प्रदर्शनी, हाट एवं चिकित्सा शिविरए मुख्य चौराहों व राजकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। सीईओ ने कहा कि 15 नवम्बर को शोभायात्रा पटेल सर्किल से कृषि ऑडिटोरियम तक निकाली जाएगी। इसमें आमजन, युवा, विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र.छात्राए, एनसीसी, एनएसएसए स्काउट गाइड, राजकीय अधिकारी व कार्मिक शामिल होगें।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 60 बीघा वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त कर पुन: किया कब्जे में ली

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वन विभाग सवाई माधोपुर द्वारा गुरुवार को झोपड़ा क्षेत्र में की गई बड़ी कार्रवाई के तहत लगभग 60 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

यह कार्रवाई सुनील कुमार, उप वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी के निर्देशन में तथा कैलाश शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार अग्रिम मृदा कार्य झोपड़ा (50 हैक्टेयर) क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर सरसों की फसल बोई गई थी। इस पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया एवं खाई खोदकर भूमि को पुनः वन विभाग के कब्जे में लिया। स्थानीय क्षेत्र में वन भूमि संरक्षण को लेकर वन विभाग की कार्यवाही के दौरान वनपाल नाका भगवतगढ़, चौथ का बरवाड़ा तथा सदर सवाई माधोपुर के समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान

# टोंक व पीपलू खंड में सीएचओ व डॉट्स प्रोवाइडर्स को दिया विशेष प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला क्षय निवारण केंद्र में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खंड टोंक व पीपलू के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) तथा डॉट्स प्रोवाइडर्स को टीबी उन्मूलन की रणनीतियों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभियान के छह प्रमुख इंडिकेटर्स पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. मित्तल ने जोर देकर कहा कि नॉट साइट्स पर अधिक से अधिक बलगम सैंपल भेजकर संदिग्ध मरीजों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित की जाए। डॉ. मित्तल ने कहा, ''टीबी मुक्त पंचायत का सपना तभी साकार होगा जब हर स्वास्थ्यकर्मी अपनी जिम्मेदारी को मिशन की तरह निभाए''। साथ ही प्रत्येक पुष्ट टीबी मरीज को निक्षय पोषण योजना के तहत एक हजार रूपये मासिक सहायता तथा निक्षय मित्र के माध्यम से अतिरिक्त पोषण/आर्थिक मदद दिलवाने के बाद निक्षय पोर्टल पर तत्काल ऑनलाइन एंट्री अनिवार्य है। साथ ही डॉ. मित्तल द्वारा बाल चिकित्सा टीबी (पीडियाट्रिक टीबी) के लक्षण, निदान व प्रबंधन पर विशेष सत्र लिया। डीपीसी मर्सरत मियां ने ब्लॉक स्तर पर प्रचार-प्रसार गतिविधियों जैसे दीवार लेखन, ग्राम सभाओं एवं स्कुलों के माध्यम से टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने की रणनीति साझा की। जिला लेखाकार दिनेश चौधरी ने निक्षय पोषण योजना की धनराशि वितरण प्रक्रिया को आसान भाषा में समझाया। जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर सरल सैनी ने डिप्रेंशियल टीबी केयर मरीजों को निक्षय में ऑनलाइन इन्द्राज करने की बारीकियां बताईं, एसटीएलएस निसार खान ने लक्ष्यानुरूप नॉट जांच के लिए संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग व सैंपल संग्रहण की तकनीक सिखाई। एसटीएस महेन्द्र कुमार योगी ने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण करने के उपरान्त निक्षय में ऑनलाईन इन्द्राज करने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारी डॉ. निर्मला मालपानी, नर्सिंग ऑफिसर जगवीर सिंह एवं खंड टोंक व पीपलू के स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय कट के पास मिला आईटीबीपी जवान का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

## ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रकट की संवेदना, निष्पक्ष जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** उपखंड क्षेत्र के प्रागपुरा थाना इलाके में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एनएच-48 पर पावटा उपखंड कार्यालय और नवोदय विद्यालय मार्ग के समीप एक खाली प्लॉट में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह मय टीम मौके पर पहुंचे और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में शव की पहचान आईटीबीपी (इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस) के जवान विक्रम चौधरी (36) पुत्र कैलाश चंद लम्बोरा, निवासी ढाणी सितोपसिंहपुरा-वीर तेजाजीनगर, तन पांचुडाला, पावटा के रूप में की। जवान के बैग में रखे कपड़ों में कुछ दस्तावेज एवं पहचान पत्र बरामद होने के बाद उसकी पुष्टि की गई। परिजनों ने बताया कि विक्रम 10 नवंबर को अपनी पत्नी कविता से फोन पर बात करने के दौरान यह बताया था कि वह घर लौट रहा है। इसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा और संपर्क टूट गया। परिजनों ने चिंता जताई, परंतु कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह शव मिलने की सूचना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बताया जा रहा है कि विक्रम की पांच महीने की एक नन्ही बेटी भी है, जिसका चेहरा देखने की उसकी आखिरी तमन्ना अधूरी रह गई। घटना की जानकारी मिलते ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को उप जिला अस्पताल पावटा में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस ने हत्या या दुर्घटना दोनों ही संभावनाओं पर जांच शुरू कर दी है। प्रागपुरा एसएचओ कश्मीर सिंह ने बताया कि शव की पहचान हो चुकी है, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा सकें। परिजनों से भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है। किसी भी स्थिति में जांच को निष्पक्ष और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने एसएचओ कश्मीर सिंह की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता की सराहना की है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर न केवल टीम को दिशा निर्देश दिए बल्कि शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील भी की। वर्तमान में पुलिस सभी संभावित पहलुओं यात्रा मार्ग, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, सीसीटीवी और मोबाइल लोकेशन पर काम कर रही है। घटना की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं।

# भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है स्काउट- देवासी

## राज्यमंत्री ने स्काउट-गाइड के हट्स का किया लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के जिला कार्यालय में गुरुवार को आयोजित समारोह में स्काउट गाइड हट्स का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी रहे। उन्होंने कहा कि स्काउट के जरिए राष्ट्र निर्माण, जीवन जीने की कला और मातृभूमि से प्रेम की शिक्षा दी जाती है। स्काउट बच्चों के भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के विभिन्न काम हो रहे हैं। सभी से स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और अन्यों को भी प्रेरित करने की बात कही। कहा कि भारत जैसा देश, यहां के संस्कार और संस्कृति अतुल्य है। सिरोही की जनता के साथ वे सदैव कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। क्षेत्र में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से करवाया जा रहा है। इस दौरान स्टीकर विमोचन एवं स्काउट गाइड कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, ताराराम माली, गणपतसिंह राठौड़, गोपाल माली, चिराग रावल आदि उपस्थित थे।

### स्काउट से बचपन की यादें जुड़ी हैं

राज्यमंत्री ने बचपन की यादें बताते हुए कहा कि वे भी बचपन में स्काउट से जुडे रहे हैं। स्काउट से जुड़ने की वजह से जीवन शैली में एक सकारात्मक परिवर्तन आता है। साथ ही विभिन्न परिस्थितियों का मजबूती से सामना करने की सीख मिलती है। उन्होंने यह भावना जताई कि भारतमाता की पुण्स धरा पर बार-बार जन्म लेते रहे और भारतमाता की सेवा का मौका उन्हें मिलता रहे।

### लोकार्पण समारोह में और घोषणा

राज्यमंत्री ने स्काउट गाइड के इस कार्यक्रम में विधायक मद से अन्य कार्य करवाने की और घोषणा की। यहां 15 लाख रुपए की राशि में स्वीकृत छह कमरों के लोकार्पण के दौरान अगले वित्तीय वर्ष में सात लाख रुपए राशि से दो कमरों के निर्माण की घोषणा की। स्काउट सीओ एमआर वर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा राज्यमंत्री की ओर से समय-समय पर स्काउट के लिए दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम में मंछाराम मडिया ने आभार ज्ञापित किया।

# डी पी एस उदयपुर की दीमाईरा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** डीपीएस उदयपुर की कक्षा तीसरी की स्टार स्केटर दीमाईरा खंडेलवाल ने हाल ही में आयोजित सी. बी. एस. ई. वेस्ट जोन स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए ।अब तक वे आर. एस. एफ. आई. तथा सी. बी. एस. ई. द्वारा आयोजित विभिन्न राजकीय प्रतियोगिताओं में 30 से भी ज्यादा पदक जीत चुकी हैं। अब यह उभरती हुई प्रतिभा राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता सी. बी. एस. ई. नेशनल चैंपियनशिप में उदयपुर और अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेगी, जो सिर्फ विद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि पूरे उदयपुर शहर के लिए गौरव का विषय है । प्रतियोगिता आगामी 11 से 16 नवंबर के बीच गुरुग्राम में संपन्न होगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्रधानाचार्य संजय नरवरिया ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अग्रिम बधाई दी।

# अवैध वसूली कर रहे सोनोग्राफी सेंटर, नाराज दिखीं जिला कलक्टर

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मां वाउचर योजना की समीक्षा के दौँरान सामने आया कि कुछ निजी सोनोग्राफी केंद्र गर्भवती से अवैध वसूली कर रहे हैं। इस तरह की शिकायतें मिलने को जिला कलक्टर ने गंभीरता से लिया। नाराजगी जताते हुए उन्होंने सम्बंधित निजी सोनोग्राफी केंद्रों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि यदि भविष्य में किसी केंद्र से इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएं। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने इस योजना का उद्देश्य गर्भवती को निशुल्क सोनोग्राफी जांच सुविधा प्रदान करना है, ताकि गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं का समय पर पता लगाकर मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके। इस दौरान पल्स पोलियो अभियान, लाडो योजना, एम्बुलेंस सेवा समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। चिकित्सा संस्थानों में सफाई के पुख्ता प्रबंध रखे जाने, रोगियों को बेहतर सुविधा देने एवं सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा, आरसीएचओ डॉ. रितेश सांखला, जिला अस्पताल शिवगंज के प्रभारी डॉ. अखिलेश पुरोहित समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बीसीएमओ को नोटिस जारी किया

बैठक के दौरान रेवदर ब्लॉक बीसीएमओ डॉ. लोंग मोहम्मद बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थिति रहे। इस पर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इस सम्बंध में बीसीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# गोपाल अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संरक्षक सदस्य बनें

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति गोपाल अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संरक्षक बनाए गए। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इसे साथ ही गोपाल अग्रवाल उदयपुर जिला इकाई के भी संरक्षक बनें रहेंगे। गोपाल अग्रवाल के मार्ग दर्शन एवं नेतृत्व में जिला महासभा समाज हित में कार्य करते हुए आगे बढ़ेगी।

# विकास अधिकारी को निलंबित करने की मांग पर प्रशासकों का अनशन शुरू

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ़ पंचायत समिति अनूपगढ़ परिसर में विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच पिछले 7 दिनों से लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। सरपंचों ने पंचायत समिति के विकास अधिकारी को निलंबित करने को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर के निलंबन की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर बुधवार शाम को दो प्रशासक अनशन पर बैठ गए हैं। प्रशासक भागीरथ शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत 90 जीबी के सरपंच जरनैल सिंह जम्मू व ग्राम पंचायत 4 एमएसआर के सरपंच सुभाष साहरण ने अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हमारा अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा। यदी समय रहते प्रशासन ने इस और ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में बाकी प्रशासक भी मजबुरन धरने पर बेठेगें। प्रशासक भागीरथ शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर ने एक महिला को कमरे में बंद कर मौके से फरार हो गए थे और उसी दिन प्रशासकों से दुर्व्यवहार किया गया था। जिस कारण 32 ग्राम पंचायतों के सरपंच प्रशासकों ने विडीयो के निलंबन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पंचायत समिति की गरीमा को ठेस पहुंची है। तथा सरकारी कार्यालय में ऐसा नहीं होना चाहिए। प्रशासक पति भागीरथ शर्मा ने बताया कि हमारा एक शिष्टमंडल जयपुर के लिए रवाना होगा जो पंचायत राज मंत्री से मुलाकात कर उन्हें पूरे धटना क्रम की जानकारी देकर अनूपगढ़ विकास अधिकारी के निलंबन की मांग करेगा।

### जांच रिपोर्ट सीईओ को सौंपी

जिला परिषद सिंह गिरधर के निर्देश पर गठित जांच टीम ने एडीएम दिनानाथ सूरतगढ़ और जिला परिषद एसीओ हरिराम चौहान ने बुधवार को रिपोर्ट सीईओ और जिला कलेक्टर को सौंपा दी। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि विवाद के चलते प्रशासनिक कार्य बाधीत हो रहे हैं और कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# 'बच्चों के सर्वांगीण विकास को खेलकूद आवश्यक है'

## जावाल में कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता का समापन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के तहत जावाल में आयोजित कल्स्टर स्तरीय प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को हुआ। इसमें पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी का मुख्य आतिथ्य रहा। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। खेल की भावना से खेलने एवं निरंतर प्रयास करते हुए निखार लाने पर जोर दिया। स्वयं में निखार लाना ही इन प्रतियोगिताओं की सार्थकता है।

जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख मेघवाल, भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़ ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। भाजपा के छगन घांची, अमराराम प्रजापत, कांतिलाल पुरोहित, विक्रम माली, अनुपमा राठौड़ समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में सजग रहने का आह्वान

## एसआईआर को लेकर विधानसभा स्तरीय कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा की सिरोही-शिवगंज विधानसभा व पिंडवाड़ा-आबू विधानसभा स्तरीय संयुक्त कार्यशाला गुरुवरा को वैद्यनाथ महादेव मंदिर में हुई। इसमें राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटि रहित और पारदर्शी बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एसआईआर में सजग रहकर राष्ट्रीय हित में अपनी भूमिका निभाएं। यह देश को मजबूत करने का अभियान है। इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों की समस्याओं को दूर करने में सहयोग करें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम, प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्रसिंह चौहान, जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, कमलेश दवे, प्रधान हसमुखकुमार समेत वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम है।

### एसआईआर की जानकारी दी

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से गिरीश देवड़ा व उनके सहयोगियों ने एसआईआर पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को जानकारी दी। बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर टोल फ्री नंबर 1800 111 950 जारी किए है, जिस पर सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक बात कर सकते है।

# एसआईआर में लापरवाही बरतने वाले 30 बीएलओ को चार्जशीट

**अनूपगढ़ ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य श्रीगंगानगर जिले में जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर ईएफ (एन्युमरेशन फॉर्म) वितरण कर रहे हैं।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने रायसिंहनगर और श्रीकरणपुर तथा उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार ने अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर बीएलओ द्वारा वितरित किये जा रहे ईएफ कार्य का अवलोकन किया। इस बीच जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले 30 बीएलओ को चार्जशीट देने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने रायसिंहनगर और श्रीकरणपुर तथा उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार ने अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रायसिंहनगर में 14 आरबी और 17 आरबी सहित विभिन्न स्थानों पर बीएलओ द्वारा वितरित ईएफ कार्य को देखा और मतदाताओं के घर पहुंचकर उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी।

# अनूपगढ़ में बीएसएफ मोटरसाइकिल रैली का भव्य स्वागत

## रेल विकास समिति, लायंस क्लब व टैक्स बार एसोसिएशन ने मिलकर किया वीर जवानों का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के 60 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में देशभर में निकाली जा रही मोटरसाइकिल रैली का अनूपगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। यह रैली जम्मू-कश्मीर से प्रारंभ होकर राष्ट्र के विभिन्न राज्यों से होती हुई देश की सीमाओं पर डटे जवानों की वीरता, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचा रही है।

रैली में शामिल बीएसएफ के महिला एवं पुरुष जवानों की 60 मोटरसाइकिलों का काफिला जब अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन चौराहे पर पहुँचा, तो नगर का वातावरण भारत माता की जय और जय हिंद, जय भारत के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर अनूपगढ़ रेल विकास समिति, लायंस क्लब, एवं टैक्स बार एसोसिएशन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। रैली के स्वागत का नेतृत्व करण सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर अनूपगढ़ रेल विकास समिति के अध्यक्ष रमेश शेवकानी, संरक्षक गंगाबिशन सेतिया, जलंधर सिंह तूर, प्रवक्ता ओम चुघ, समाजसेवी मलकियत सिंह गिल, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरचंद कुक्कड़, वरिष्ठ सदस्य मोहित बजाज, तथा लायंस क्लब पदाधिकारी दयाराम चराया, नरेंद्र कामरा, पवन सिंगला एवं कोषाध्यक्ष अनीश जिंदल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर जवानों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान वीर जवानों पर पुष्पवर्षा की गई और सभी ने हाथों में तिरंगा लहराकर उनका अभिनंदन किया। रैली का यह पड़ाव देशभक्ति और गौरव का सजीव उदाहरण बना।

रैली के आगमन से समूचे अनूपगढ़ में देशप्रेम का माहौल व्याप्त हो गया। अनूपगढ़ रेल विकास समिति के अध्यक्ष रमेश शेवकानी ने BSF के इन वीर सपूतों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना व्यक्त करते हुए कहा कि ये जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि हर भारतीय के गर्व का प्रतीक हैं।

# नदी की भूमि पर हो रहा अतिक्रमण, भू-माफिया काट रहे प्लॉट

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, गौवंश हेतु भूमि खाली करवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पंचायत समिति सभागार पावटा में गुरुवार को जन सुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा को ग्रामीणों की ओर से एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में रिछपाल यादव, भैरू, चुन्नीलाल, बंसी यादव सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि कस्बा शिवनगर, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में स्थित आराजी खसरा नंबर 1860, जो कि गैर-मुमकिन नदी भूमि के अंतर्गत आती है, पर लंबे समय से लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर कच्चे-पक्के निर्माण कर कब्जा कर लिया है, वहीं नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा द्वारा इस भूमि में कचरा डालकर नदी का प्रवाह पूरी तरह बाधित कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि की आड़ में भू-माफिया अब उक्त भूमि को भूखंडों में विभाजित कर बेच रहे हैं और अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से सीमा अवलोकन कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि भूमि को गौवंश के लिए खाली करवाया जाए, ताकि वहां गोवंश का प्राकृतिक आवास सुरक्षित रह सके और उन्हें आश्रय मिल सके। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने आए ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा से न्यायोचित कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

एसडीएम डॉ. साधना शर्मा ने ज्ञापन प्राप्त कर कहा कि मामले की जांच करवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, तथा सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चातुर्मास पूर्ण कर कपासन के तेरापंथ भवन से साध्वियों ने किया विहार

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित अंबेश सौभाग्य भवन में आध्यात्मिक एवं गरिमामय चार्तुमास पूर्ण कर शासन प्रभाविका महासाध्वी कंचन कंवर म.सा.,स्पष्ट वक्ता डॉ. सुलोचना म.सा. एवं डॉ. सुलक्षणा म.सा. द्वारा आदर्श कॉलोनी में तेरापंथ भवन से गुरुवार प्रात: विहार किया गया।साथ ही विहार बाद साध्वियों द्वारा धमाना सरपंच विष्णु हेड़ा के निवास पर प्रवास किया गया।उक्त विहार 10 कि.मी. का हुआ तथा शुक्रवार सुबह धमाणा से विहार कर साध्वियों द्वारा गिलुण्ड राजसमंद जिले मे प्रवेश किया जायेगा। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि विहार सेवा मे अनील बाघमार,रूपलाल डांगी,रणजीत डांगी, अनील दुग्गड़,राहुल हिंगड़,कैलाश चण्डालिया,प्रियांश बाघमार,आशीष आंचलिया,रतन चण्डालिया,अभिषेक बाघमार,महिला मण्डल सदस्य प्रिंयका दुग्गड़,सुनिता सांवला,अंगुरबाला सिरोया,चन्द्रकिरण चण्डालिया, रेखा सांवला,कुसुम ढीलीवाल,रेखा कोठारी आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।



## खेरवाड़ा निवासी आयुषी कोठारी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ यूनिवर्सिटी उदयपुर के 21वें दीक्षांत समारोह में गुरुवार को खेरवाड़ा निवासी आयुषी कोठारी पत्नि प्रतीक जैन को डॉक्टरेट की उपाधि से नेशनल काउंसलिंग ऑफ टीचर्स एजुकेशन चेयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा,गेस्ट ऑफ ओनर वाईस चांसलर बिकेएनएमयू जूनागढ़ प्रो. प्रताप सिंह चौहान, एडवाइजर राज्यपाल राजस्थान प्रो. कैलाश सोडानी, कुलगुरु वीएमओयू कोटा प्रो. बी एल वर्मा,कुल प्रमुख विद्यापीठ यूनिवर्सिटी भंवरलाल गुर्जर,वाईस चांसलर प्रो. एसएस सारंगदेवोत,परीक्षा विभाग नियंत्रक डॉ. पारस जैन आदि अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि खेरवाड़ा निवासी आयुषी कोठारी द्वारा डॉ. प्रीति अग्रवाल के मार्गदर्शन में कोमर्स सब्जेक्ट के विषय अ स्टडी ऑन द रोल ऑफ प्राइवेट बैंक इन द डेवलपमेंट ऑफ वूमेन इंट्रप्रेनुअर्स पर शोध का कार्य किया गया।



## संगम विश्वविद्यालय में इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2025-26 का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में नेतृत्व व जिम्मेदारी की भावना विकसित करने हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2025-26 का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में गरिमामय माहौल के बीच संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. मोदानी, वाइस चेयरमैन संगम ग्रुप, जबकि विशिष्ट अतिथि एएसपी सदर भीलवाड़ा माधव उपाध्याय, आईपीएस रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट प्रो. (डॉ.) करुणेश सक्सेना ने की। कार्यक्रम की शुरुआत आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब द्वारा तैयार की गई वॉल मैगजीन के अनावरण के साथ हुई। इसके बाद डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) प्रीति मेहता ने छात्र कल्याण गतिविधियों, छात्र संगठनों और विश्वविद्यालय में सक्रिय 15 क्लबों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय में संचालित सभी क्लब छात्रों के लिए, छात्रों द्वारा और छात्रों के हित में कार्य कर रहे हैं। प्रेसीडेंट प्रो. करुणेश सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन और आचरण के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहचान को और ऊँचा उठाने का आह्वान किया।समारोह में क्लब सचिव, संयुक्त सचिव और मेंटर्स को बैज प्रदान किए गए तथा आईपीएस माधव उपाध्याय द्वारा उन्हें जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व की भूमिका निभाने और सफलता की ओर निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। समारोह का समापन डॉ. श्वेता बोहरा, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर, द्वारा आभार ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार डॉ. आलोक कुमार, समस्त फैकल्टी सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जिला कलक्टर आलोक रंजन ने निंबाहेड़ा में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं, कनेरा व सरसी फॉलोअप शिविरों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन गुरुवार को निंबाहेड़ा उपखंड में आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त परिवादों का निस्तारण त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। जिला कलक्टर ने इसके पश्चात् कनेरा एवं सरसी में आयोजित फॉलोअप शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण करवाया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स की बैठक लेकर एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने इस दौरान निर्देश दिए कि गणना प्रपत्रों की ऑनलाइन प्रविष्टि समय पर पूर्ण की जाए और मतदाता सूची अद्यतन कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। जनसुनवाई एवं निरीक्षण के दौरान निंबाहेड़ा विधायक श्री चंद्र कृपलानी, प्रधान, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## अजय नौलखा बने अखिल भारतीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** सनातनवादी राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय हिंदू परिषद ने भीलवाड़ा जिले से अजय नौलखा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आगामी दो वर्षों के लिए प्रभावी रहेगी। अजय नौलखा लंबे समय से भाजपा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद जैसे विभिन्न संगठनों में सक्रिय रहकर सनातन धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इन्हीं सेवाभावी कार्यों और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नौलखा की नियुक्ति पर जिलेभर के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



### प्लास्टिक लाओ, शक्कर (अब गुड़) ले जाओ : कोटड़ी पंचायत समिति का अनूठा नवाचार

# 26 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटडी (नि.स.)।** पंचायत समिति कोटडी प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील प्लास्टिक मुक्त पंचायत समिति बनाने के लिए की है जिस से एक कदम आगे समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर प्लास्टिक संग्रहण रूम बनाए गए है जो कि प्लास्टिक कचरा लाओ शक्कर ले जाओ मुहिम के तहत चलाई गई एक पंचायत समिति स्टार का नवाचार है जो कि स्वच्छता पखवाड़े में ग्रामीण सेवा शिविरों के तहत समस्त ग्राम पंचायतों में शुरू किए गए जिसमें ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, भामाशाहों, स्थानीय नेतागण, स्कूल प्रशाशन, ग्राम पंचायत प्रशाशन, नरेगा श्रमिकों ने बढ़ चढक़र भाग लिया इसमें प्रधान करण सिंह बेलवा के नेतृत्व में विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने नवाचार के तहत प्रत्येक राजस्व ग्राम तक स्थापित करने की आशा की है इस मुहिम के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर एकत्रित कचरे को पंचायत समिति कोटडी और ग्राम पंचायत कोटडी स्तर पर एक प्लास्टिक बॉल मेकिंग मशीन लगाई जाएगी जिसके तहत निर्मित प्लास्टिक बॉल को प्लास्टिक उद्योग को कच्चे माला के तहत आपूर्ति की जाएगी । पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायत को 26 जनवरी 2026 तक प्लास्टिक पॉलिथीन मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का लक्ष्य लिया गया हैपंचायत समिति कोटडी का यह एक अनूठा नवाचार सभी क्षेत्रवासियों को भाया है और राज्य स्तर पर भी सराहना की है इन सबका का उद्देश्य अपना गांव प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत किया जाना है जो कि 02 अक्टूबर से शुरू होकर 26 जनवरी 2026 तक चलेगा। राजीविका की आम सभा के तहत प्रधान करण सिंह बेलवा ने बताया कि पंचायत समिति का अनूठा नवाचार के तहत प्लास्टिक लाओ शक्कर ले जाओ कार्यक्रम को राज्य सरकार पर सराहा गया है और पायलट प्रोजेक्ट के तहत किया गया नवाचार पूरे राजस्थान में क्रियान्वित किया जाएगा ।रामबिलास मीणा विकास अधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति का अनूठा नवाचार अपने आप में एक मिशाल है जो को सभी को रोशनी देकर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरण प्रदान करती है । विकास अधिकारी ने बताया कि शक्कर की जगह गुड़ दिया गया जो कि 21 किलो प्लास्टिक की जगह गुड़ का वितरण किया गया जो कि अपने आप में एक नवाचार है । अभी तक पंचायत समिति की समस्त ग्राम पंचायतों में 03 क्विंटल प्लास्टिक का संग्रहण कर लिया गया है और बदले में शक्कर का वितरण किया गया है।




## एमजी हॉस्पीटल में नर्सिंग स्टाफ की कमी पर चिंता, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने जिले के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान महात्मा गांधी अस्पताल (संबद्ध आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज) में नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी और नर्सों के लिए हार्ड ड्यूटी अलाउंस की विसंगतियों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। एसोसिएशन के संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज, जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली, और जिला संयोजक सावरमल स्वर्णकार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, चिकित्सा सचिव, प्रिंसिपल आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कलेक्टर सहित अन्य उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। एसोसिएशन ने बताया कि भीलवाड़ा जिले के सभी हिस्सों से प्रतिदिन 5000 से अधिक मरीज इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल आते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने अस्पताल में बेड की संख्या 533 से बढ़ाकर 850 तो कर दी है, लेकिन इसके अनुपात में नर्सिंग स्टाफ के पद नहीं बढ़ाए गए। इसके विपरीत, कई नर्सिंग अधिकारी पदोन्नति पाकर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए हैं या रिटायर हो चुके हैं, जिससे स्टाफ की कमी और बढ़ गई है। वर्तमान में महात्मा गांधी अस्पताल में 107 नर्सिंग स्टाफ के पद खाली चल रहे हैं, जिसके कारण मरीजों को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देने में कठिनाई आ रही है। एसोसिएशन ने मांग की है कि महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा में कम से कम 100 नर्सिंग ऑफिसर्स को तत्काल नियुक्त किया जाए। इसके अलावा, संगठन ने प्रदेश के नर्सों को मिलने वाले ड ड्यूटी अलाउंसश की विसंगति को भी प्रमुखता से उठाया है। नर्सिंग स्टाफ को यह अलाउंस बहुत कम मिल रहा है, जो श्ऊंट के मुंह में जीराश् जैसा है, और इसे तुरंत बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर जहां नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टर ड्यूटी पर हैं, वहां किसी भी आपातकाल या गंभीर स्थिति में मरीज को वापस भेजे जाने या डॉक्टर को रेफर कर दिए जाने की अवस्था में सख्त कार्रवाई की जाए।



### वंडर सीमेंट में तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का शुभारम्भ

## हर ड्राइवर, हर कार्मिक की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : नितिन जैन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा द्वारा ष्टस्क्र नींव इनिशिएटिव के तहत आज 12 से 14 नवंबर 2025 तक कम्पनी परिसर में आने वाले ट्रक चालकों हेतु तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन एवं महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ के अध्यक्ष अभय कुमार संचेती द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। श्री जैन ने शिविर का अवलोकन कर श्री संचेती से शिविर की जानकारी ली तथा वंडर सीमेंट के सभी ट्रांसपोटर्स, लॉजिस्टिक एवं सभी विभाग से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वाहन चालकों को इस शिविर से जोडकर उनका नेत्र परीक्षण करावें। इस अवसर पर श्री जैन ने बताया कि कार्मिको एवं ट्रक चालकों की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता है। शिविर के अंतर्गत सभी वाहन चालकों की आँखों की जांच कर निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ में मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी निःशुल्क किया जायेगा। इस अवसर पर वंडर सीमेंट लिमिटेड से मनोज शर्मा, कपिल व्यास, दुर्गादास राठोड, डॉ विश्वास जैन, हेमेन्द्र सिंह झाला, अखिलेश शाकद्वीपीय, नागेंद्र सिंह चुण्डावत, राजकुमार पाटीदार, पुलकित खमेसरा, विजय सिंह चुण्डावत सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। श्री संचेती ने वंडर सीमेंट द्वारा महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ को दिये गये बहुमुल्य सहयोग हेतु कम्पनी प्रबन्धन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए युनिट हेड नितिन जैन का आभार व्यक्त किया। शिविर का नियमित संचालन महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ से सचिव चन्द्रप्रकाश जैन, शिविर प्र0भारी राजेन्द्र संचेती एवं रतन संचेती, ऑप्टोमेट्रिस्ट मनोज वैष्णव एवं श्रीमती शिवानी पांडे, शिविर सहयोगी विनोद महरिया के संयोजन में किया जायेगा।




## राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा तरुणी विभाग द्वारा सेमुमाराबाउमावि में मणिकर्णिका जयंती कार्यक्रम संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** राष्ट्र सेविका समिति भीलवाड़ा तरुणी विभाग द्वारा सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मणिकर्णिका जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई के जीवन और आदर्शों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में विभाग बौद्धिक प्रमुख नीलू मालू ने अपने प्रेरक उद्बोधन में रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से जुड़े अनेक रोचक प्रसंगों के माध्यम से उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि झांसी की रानी की वीर गाथा भारतीय इतिहास की उन अमर कहानियों में से है, जो न केवल साहस और बलिदान का प्रतीक हैं, बल्कि नारी शक्ति और नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करती हैं। नीलू मालू ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का नेतृत्व सिद्ध करता है कि शक्ति केवल अस्त्र-शस्त्रों से नहीं आती, बल्कि बुद्धिमत्ता, साहस और रणनीति के बल पर भी राष्ट्र और समाज की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने तरुणियों से आह्वान किया कि रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय धर्म और कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करें।

### हवन, महाआरती, भैरव भक्ति भजन, छप्पन भोग व अन्नकूट आयोजन

## श्री कालभैरव जन्मोत्सव समारोह में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** बोजुन्दा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर कालभैरव जन्मोत्सव अष्टमी के अवसर पर हवन, पूजन, अनुष्ठान, महाआरती, भजन कार्यक्रम व छप्पन भोग एवं अन्नकूट का आयोजन किया गया। आयोजन में संत विनोदचंद्र यति गुरुजी ने शिरकत की व आसपास सहित सुदूरस्थ क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं विशिष्ट जन और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए पुजारी बाबूलाल जटिया सतखंडा ने बताया कि श्री काल भैरव जन्मोत्सव, भैरव अष्टमी, के उपलक्ष में मंगलवार को रात्रि में जागरण की गई। जबकि मुख्य आयोजन बुधवार को प्रातः हवन अनुष्ठान किया, इसके बाद श्री काल भैरव जी की महाआरती की गई। शंकर लक्खा एण्ड पार्टी के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीत की धुन के साथ महा आरती की गई और भजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो शाम तक चला। श्री काल भैरव जी व देवताओं को छप्पन भोग अर्पित कर अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया । इस दौरान दिनभर मेवाड़ के प्रसिद्ध भजन गायक शंकर लक्खा एण्ड पार्टी का भजन संध्या आयोजन जारी रहा, शाम तक श्रद्धालु भैरव भक्ति के भजनों और शिव तांडव स्त्रोत, ब्रम्हा विष्णु महास्त्रोत्र, नवदुर्गास्त्रोत्र की स्तुतियों पर झूमते रहे। आयोजन में भजन गायक शंकर लक्खा द्वारा श्री काल भैरव अष्टक का संगीत मय विमोचन भी किया। आयोजन में सायंकाल संत विनोदचंद्र यति गुरुजी ने शिरकत की। इस मौके पर भजन संध्या के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए यति जी ने कहा बाबा सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं। उन्होंने चित्तौडग़ढ़ सहित देश की खुशहाली सुख समृद्धि और सुख शांति की मंगल कामनाएं की।



### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभक्ति से सराबोर रहा विद्यालय परिसर

# वंदे मातरम हमारी अस्मिता और एकता का प्रतीक : कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत वातावरण में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, निंबाहेड़ा में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा, सीबीईओ अरविंद कुमार मूंदड़ा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी तथा कमलेश बुनकर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम की मधुर ध्वनि के साथ पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल बन गया। सभी ने खड़े होकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया, जिससे वातावरण में राष्ट्रप्रेम की ऊर्जा व्याप्त हो गई। मुख्य अतिथि विधायक श्रीचंद कृपलानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत माता की वंदना और हमारी आत्मा का स्वर है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हर देशभक्त के होंठों पर था और आज भी यह हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहरलाल जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि वंदे मातरम के 150 वर्ष जैसे ऐतिहासिक अवसर पर इतने सम्मानित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल सोमानी ने किया। पूरा आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता नजर आया।



## डीग जिले के सांवई, कोरेर और अवार गांवों में मुनेंद्र ट्रस्ट ने भेजी बाढ़ राहत सामग्री

**जलमग्न खेतों से पानी निकासी की किसानों में जगी उम्मीद**



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के कृषि भूमि में जलभराव की समस्या से ग्रस्त सांमई, कोरेर और अवार गावों में अन्नपूर्णा मुहिम के तहत मुनिंद्र धर्मार्थ ट्रस्ट की टीम द्वारा गुरुवार को कृषि भूमि में भरे पानी को निकालने के बाढ़ राहत सामग्री पहुंचाई।

मुनींद्र ट्रस्ट द्वारा गांव सांमई में 10 एच पी की 3 मोटरें, एक जेनरेटर व डीजल यूनिट, 8 इंची के 3700 फुट पाइप और 6 इंची के 2500 फुट पाइप, गांव कोरेर 10 एच पी की 3 मोटरें, 15 एच पी की 2 मोटरें, 4м4 के 2 ट्रैक्टर कपलिंग सेट, एक जेनरेटर व डीजल, और 8 इंची के 10,100 फुट पाइप दिए गए। गांव अवार में 10 एच पी की 2 मोटरें, 4м4 के 4 ट्रैक्टर कपलिंग सेट, एक जेनरेटर व डीजल, 6 इंची के 4,650 फुट पाइप और 8 इंची के 1,500 फुट पाइप प्रदान किए गए।

यह सामग्री गांवों के निचले इलाकों और खेतों में जमा पानी को निकालने के लिए उपयोग में लाई जाएगी ताकि किसान फिर से अपनी भूमि पर खेती कर सकें। राहत सामग्री पाकर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि भूमि जलमग्न होने के कारण फसल की बुवाई ना हो पाने के चलते अभी हम भारी परेशान थे। निराशा में जी रहे थे लेकिन अन्नपूर्णा मुहिम ने बाढ़ राहत सामग्री भेज कर हमारे जीवन में नया सवेरा ला दिया।

अन्नपूर्णा मुहिम के सेवादारों ने बताया कि जब तक इन क्षेत्रों से जलभराव पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता अन्नपूर्णा मुहिम द्वारा राहत कार्य निरंतर जारी रहेंगे। किसानो ने ढोल नगाड़ों से सेवादारों का स्वागत किया।

## मासिक जनसुनवाई में पहुंचे कलेक्टर अधिकारियो को निर्देश समस्या का करें समाधान

**स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को लेकर एसडीएम को जल्द अभियान के निर्देश**

**निर्वाचन के एसआईआर कार्य की समीक्षा, मतदाताओं से ऑनलाइन आवेदन की अपील**



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रत्येक महीने के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली मासिक जनसुनवाई बैठक शहर के पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में जब पारिवादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे तो जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी भी औचक निरीक्षण पर पहुंच गए।

जिला कलेक्टर के सामने लोगों ने अपनी परिवेदना देते हुए उनको बताया कि वे वर्षों से अतिक्रमण को लेकर हर बैठक में अपनी समस्या रखते हैं लेकिन आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नही हुआ। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम सहित सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हो या परिवादी की निजी समस्या उसका त्वरित समाधान करें। अतिक्रमण को लेकर शहर में अभियान चलाएं और अतिक्रमणकारियो को पाबंद करने के साथ नहीं मानने पर कानूनी कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्रीनिधि बेटी ने बताया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटर्नशिप रिवीजन कार्यक्रम को लेकर बाड़ी में कार्य की समीक्षा करने आए है । इस दौरान उन्हें जानकारी मिली तो वे जनसुनवाई में भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अपनी समस्या लेकर जब जनसुनवाई में आता है तो आसान्वित रहता है कि यहां अधिकारी इसकी सुनवाई करेंगे लेकिन जब अधिकारी किसी कार्य में टालमटोल करेंगे तो लोगों का विश्वास प्रशासन से उठता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। कोई भी परिवादी यदि समस्या लाता है तो उसका तुरंत समाधान जरूरी है और समाधान के साथ हर परिवादी से संवाद भी जरूरी है।

उन्होंने बताया की वैसे तो जनसुनवाई में लोगों ने जो समस्या रखी है उनमें पेंशन, खातेदारी, विधुत बिल समझौता, पेंशन भुगतान, नाले पर पुलिया जैसे मामले है जो जल्द ही निस्तारित हो जाएंगे साथ में स्थाई ओर अस्थाई अतिक्रमण को लेकर जो शहर की बड़ी समस्या है उस पर अधिकारी एक्शन लेंगे और एक अभियान चलाकर अतिक्रमण को खत्म कराया जाएगा। एस आई आर को लेकर कलेक्टर ने बताया कि धौलपुर जिले में बाड़ी डिवीजन का अच्छा परफॉर्मेंस है। यहां एसडीएम भगवत शरण त्यागी के नेतृत्व में तहसीलदार एवं एस आई आर में लगी टीम,फील्ड में बीएलओ लगातार काम मे जुटे है। अब एक व्यक्ति एक ही जगह पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कर सकेगा। यदि किसी ने चीटिंग करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## शहर के ठाकुर पाड़ा में पुराने विवाद में दो पक्षों में झगड़ा

**बच्चो को लेकर स्कूल जा रहे एक युवक पर हमला, गर्दन पर किया चाकू से वार**

**कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच, एक युवक को लिया हिरासत में**



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के ठाकुर पाड़ा मोहल्ले में दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर एक बार फिर से झगड़ा का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार शाम चार बजे की बताई गई है। जहां अपने बच्चों को लेने स्कूल जा रहे एक युवक पर हमला हुआ है। हमले के दौरान युवक की गर्दन पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया गया है।

घायल युवक को बाड़ी अस्पताल में भर्ती किया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे धौलपुर किया गया है। कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में घायल युवक बबलू पुत्र पान सिंह ठाकुर के बड़े भाई धर्मेंद्र परमार ने बताया की बबलू लोहे का काम करता है। वह किसी के यहां पर काम के सिलसिले में गया था। जहां से वापस घर आकर बाइक से अपने बच्चों को स्कूल लेने जा रहा था। इस दौरान ठाकुर पाड़ा मोहल्ले के चौराहे के पास आरोपी पक्ष के चार लोगों ने उसे घेर लिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान एक युवक ने उसके गर्दन पर चाकू से बाहर किया। जिसमें वह घायल हो गया।

जैसे ही उसे पता लगा तो धर्मेंद्र भाग कर मौके पर पहुंचा। इस दौरान छत पर खड़े कुछ लोगों ने फायरिंग की और उससे मारपीट भी की गई।

घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच की है। कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि एक युवक को हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है। घायल युवक का उपचार जारी है।

## धौलपुर में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

**सभी थानों पर नए थानेदार तैनात, आईजी और एसपी ने जारी की सूची**

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में पुलिस प्रशासन ने बड़ा फेरबदल किया है। भरतपुर रेंज के आईजी कैलाश चंद्र बिश्नोई और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों का स्थानांतरण कर नई तबादला सूची जारी की गई है। जारी आदेश के अनुसार, कृष्ण कुमार मीणा को नादनपुर, देवेंद्र शर्मा को बाड़ी, कैलाश सिंह को सोने का गुर्जा, गंभीर सिंह कंसाना को राजाखेड़ा और बालकृष्ण को बसेड़ी थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, हरेंद्र सिंह को कोतवाली, नीरज कुमार शर्मा को मनिया, सागर मीणा को साइबर थाना, हरि नारायण मीणा को कोलारी, प्रवेन्द्र कुमार रावत को सैंपऊ, रामकिशन यादव को कंचनपुर, अमित कुमार शर्मा को निहालगंज और बृजेश कुमार मीणा को दिहोली थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सहीराम यादव को महिला पुलिस थाना और महेश कुमार को सदर धौलपुर का प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही दुर्ग सिंह को बसई डांग, घनश्याम को डीएसटी प्रभारी और बलविंदर सिंह को यातायात प्रभारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार, अधिकांश थानों पर सीआई (पुलिस निरीक्षक) रैंक के अधिकारियों को थानेदार के रूप में पदस्थापित किया गया है। इस फेरबदल का उद्देश्य जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना बताया जा रहा है।

## डीग में जैन पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज संघ के चातुर्मास निष्ठापन तीन दिवसीय कार्यक्रमो का आगाज आज से

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** जैन समाज डीग द्वारा जैन पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ससंघ को तीन दिवसीय चातुर्मास निष्ठापन विधान, रथ यात्रा,पिच्छिका परिवर्तन समारोह पर पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जैन समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जैन के अनुसार 14 नवम्बर और 15 नवंबर को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में को प्रातः 7 बजे श्री जी अभिषेक, शान्ति धारा, देव आज्ञा, गुरू आज्ञा, प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण नित्य नियम पूजा, श्री 1008 पार्श्वनाथ विधान प्रारम्भ होगा तथा सायं 5 बजे गुरू भक्ति, प्रश्न मंच, पुरूस्कार वितरण, आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कार्यशाला में मौजूद रहे सभी ग्राम पंचायतों के प्रभारी और पीईईओ**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संचालन और क्रियान्वयन से जुड़े ब्लॉक स्तरीय स्टेट होल्डर्स के लिए थी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम की सुचारू रूप से जानकारी देना, व्यापक प्रचार-प्रसार करना और क्षमता संवर्धन करना था। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना और बजट मद साक्षरता क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रशिक्षण पर भी चर्चा की गई।

कार्यशाला में जिला साक्षरता अधिकारी वीर सिंह ने साक्षरता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं,जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत परमार ने संभागियों को डिजिटल साक्षरता के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराया। ब्लॉक समन्वयक सरनाम सिंह ने बताया कि साक्षरता का मॉड्यूल अब बदल दिया गया है। पहले केवल हस्ताक्षर करना सिखाया जाता था, लेकिन तकनीकी ज्ञान में वृद्धि के कारण अब व्यापक साक्षरता पर जोर दिया जा रहा है।

## पंचकर्म चिकित्सा के प्रति आमजन को जागरुक किया जाना जरूरी - डॉ रमेश मीणा

**औषधीय लेपों से उपचार करा रहे रोगियों से ली उपचार के बारे में जानकारी**

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आयुर्वेद निदेशालय अजमेर से भरतपुर निरीक्षण पर आए अतिरिक्त निदेशक डॉ रमेश मीणा द्वारा राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सालय में संचालित सेवा प्रकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं उपचार करा रहे रोगियों से हालचाल जाने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचकर्म चिकित्सा से संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए जाने के लिए आवश्यक सुझाव देते हुए आमजन को पंचकर्म चिकित्सा के प्रति जागरूक किए जाने की बात कही। इस अवसर पर औषधीय लेपों से उपचार करा रहे रोगियों से मुलाकात की और लेपों से मिल रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। आयुर्वेद विभाग द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के बेहतर प्रबंधन के लिए आवंटित राशि द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना द्वारा रोगियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित प्रधान चिकित्सक डॉ रीना खंडेलवाल सहित चिकित्सालय में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## वन्देमातरम के 150 वर्ष और संविधान के 75 वर्ष थीम पर मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन आज

**जनजातीय गौरव वर्ष के तहत प्रतियोगिता आयोजित**

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर तथा सवाईमाधोपुर द्वारा वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी महाराजा सूरजमल टीटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं सहित जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस और वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर युवाओं को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा ने कहा कि वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी की अधिक से अधिक जानकारी लेकर सभी के साथ साझा भी करें। असिस्टेंट सुपरिडेंट बाबू लाल वर्मा ने डाक विभाग की योजनाएं जनकल्याण की योजनाएं, डाक विभाग के बैंकिंग सेक्टर, बचत योजनाओं व विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो कोटा के प्रेम सिंह यादव द्वारा केंद्र सरकार की डिजिटल प्रगति के 10 वर्ष, भारत की सेमीकंडक्टर क्रांति आदि योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्य सवाई माधोपुर के नेमीचंद मीणा द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, भगवान बिरसा मुंडा द्वारा आदिवासियों के उत्थान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। महाराजा सूरजमल टीटी कॉलेज के डॉ. हरेंद्र कुमार शर्मा एवं राजकीय कृषि महाविद्यालय की प्राचार्य नीलम गोयल द्वारा द्वारा नई शिक्षा नीति, बालिका शिक्षा स्वच्छ भारत अभियान के महत्व पर जानकारी दी गई। 7 से 14 नवंबर तक मनाए जा रहे वन्देमातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव अभियान के तहत प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वन्देमातरम का एकल एवं सामुहिक गान भी किया। इस अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष तथा योजनाओं पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन समारोह 14 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

## अवनी सिंह का नेशनल सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** 16 से 19 नवंबर तक होने वाली नेशनल सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए भरतपुर की अवनी सिंह कल रवाना होगी। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि 16 से 19 नवंबर तक हैदराबाद में राष्ट्रीय सबजूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इसमें भरतपुर जिले की अवनी सिंह राजस्थान जूडो टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।

जिला जूडो संघ के सचिव ओंकार पंचोली ने बताया कि 17 से 19 अगस्त तक सोडा, टोंक में आयोजित हुई राज्य स्तरीय सबजूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें भरतपुर की अवनी सिंह ने अपने 48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल प्रतियोगिता के लिए अपना चयन करवाया था। अवनी सिंह कल राजस्थान स्टेट सब जूनियर टीम में शामिल होकर हैदराबाद के लाल बहादुर स्टेडियम में होने वाली नेशनल सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी।

इस अवसर पर जिला जूडो संघ के संरक्षक गिरधारी तिवारी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राजस्थान, राजस्थान राज्य जूडो संघ के सचिव व गुरु वशिष्ठ अवॉर्डी महिपाल ग्रेवाल, कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह जघीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गौड़, लाखन पहलवान, आलोक पिंगोरा, सौरभ माथुर, दीपक तिवारी, महेंद्र सिंह चौहान, अक्षय तिवारी, संतोष चतुर्वेदी, मनोज दुबे, विवेक शर्मा, राजकुमार डब्बू आदि पदाधिकारियों ने खिलाड़ी अवनी सिंह को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देकर रवाना किया।

## 'स' से स्पेशल, 'र' से रिवीजनः विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**डीग के गांव नगला मोती के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को लोकतन्त्र में वोट की ताकत की दी गई जानकारी**

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को डीग के गांव नगला मोती। के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता पर एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ 'स' (स्पेशल) और 'र' (रिविजन) की एक भव्य मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होने का रचनात्मक संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मुख्य उद्देश्य उन सभी विद्यार्थियों को जागरूक करना है जो जल्द ही 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं। विद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब प्रभारी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। उन्हें नाम जुड़वाने की पूरी प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों और बीएलओ की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि वे किस प्रकार अपने क्षेत्र के बीएलओ का सहयोग कर सकते हैं और स्वयं भी अपना प्रपत्र भरकर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभा सकते हैं।

**मानव पिरामिड बनाकर दिया लोकतंत्र की मजबूती का संदेश**

विद्यालय में में केवल मानव श्रृंखला ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों द्वारा एक मानव पिरामिड का भी शानदार निर्माण किया गया। यह मानव पिरामिड लोकतंत्र में प्रत्येक वोट की शक्ति और सामूहिक भागीदारी से मिलने वाली मजबूती का प्रतीक बना। विद्यार्थियों ने इस गतिविधि के माध्यम से वोट की चोट की ताकत को प्रदर्शित किया और सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## डॉ. मोहित कुमार को अनुसंधान पोस्टर प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भारतीय कृषि अभियंता सोसायटी नई दिल्ली एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय कृषि अभियान्त्रिकी संस्थान, भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कृषि महाविद्यालय भुसावर के सहायक प्रोफेसर कृषि अभियान्त्रिकी डॉ. मोहित कुमार को अनुसंधान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि डॉ. मोहित कुमार को यह पुरस्कार उनके शोध पत्र बैटरी चालित जीरा फसल हार्वेस्टर के डिजाइन एवं विकास के लिए प्रदान किया गया है। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल में ''कृषि के लिए अभियान्त्रिक नवाचार'' विषय पर 10 से 12 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया गया। इसमें देश के शीर्ष कृषि अभियान्त्रिकी संस्थानों के 147 वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के मोतीवाड़ा गांव के डूंगरी बास में स्थित श्री भोंमिया जी महाराज के मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य बनवारी बापूजी ने कृष्ण जन्म की मनोहारी कथा सुनाई, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। आचार्य बापूजी ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा श्रवण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भगवान ने कैसे लोभ और पाप से धरती को बचाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसार के क्षणभंगुर सुखों की बजाय भक्ति में ही असली और शाश्वत सुख निहित है। उनके अनुसार भागवत कथा का श्रवण मात्र ही पापों से मुक्ति दिलाता है। आचार्य जी ने कर्म की प्रधानता पर जोर देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बताया है कि कर्म ही प्रधान है। अच्छे कर्म करने वाले को अच्छा फल मिलता है और बुरे कर्म करने वाले को बुरा फल। इसलिए सभी मनुष्यों को अच्छे कर्मों के प्रति आकर्षित होना चाहिए। उन्होंने भागवत कथा को अमृत के समान बताते हुए कहा कि इसका जितना भी पान किया जाए, आत्मा तृप्त नहीं होती है। उनका उद्देश्य है कि कथा सुनते ही भक्तों के हृदय में ज्ञान और वैराग्य जागृत हो जाए।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण, भामाशाहों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के गाँव फतेहपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह एडवोकेट जगमालसिंह खोवाल की ओर से स्वेटर वितरण की गईं। प्रधानाचार्य माया यादव ने भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भगवान भामाशाहों की तरक्की दिन दूनी रात चौगुनी करे। उन्होंने कहा कि एक बार कहने मात्र से ही भामाशाह एडवोकेट जगमाल खोवाल ने कक्षा-1 से कक्षा-12तक के सभी विद्यार्थियों को उच्च क्वालिटी की स्वेटरें प्रदान की हैं।वहीं भामाशाह रामेश्वर डूडी द्वारा कृष्णभोग सभी विद्यार्थियों सहित सम्पूर्ण स्टॉफ को भी खिलाया। वहीं अध्यापक विक्रमसिंह यादव ने 30हजार रूपये की लागत से विद्यालय के भवन का रंगरोगन करवाया।इस मौके पर उपस्थित सभी भामाशाहों का माला-साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। वहीं भामाशाह एडवोकेट जगमाल खोवाल को भगवान बुद्ध व डॉ अम्बेडकर के चित्र वाला स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य माया यादव ने की। इस मौके पर एडवोकेट महेश मीणा, शुब्रेस शर्मा, उपसरपंच शीशपाल मीणा, एसडीएमसी अध्यक्ष सुभाष मेघवाल, जगदीश जांगिड़, वरिष्ठ अध्यापक प्रकाशचन्द, मनोज, महेश, आनन्द, शारीरिक शिक्षक पारस जैन, अध्यापक बलवंत, विक्रम, अल्का, वीरमती, कुसुम, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संत मोरारी बापू पहुंचे राज नाथद्वारा, श्रीनाथजी मंदिर में किये दर्शन



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राम कथा वाचक राष्ट्रीय शीतल संत मुरारी बापू ने गुरुवार को श्रीजी प्रभु की राजभोग झांकी के दर्शन किए। जहां दर्शन के बाद मंदिर में समाधान पद्धति से स्वागत किया गया ।

बापू के साथ मिराज समूह के चैयरमेन मदनलाल पालीवाल, प्रमोद पालीवाल, प्रकाश पालीवाल, रविन्द्र जोशी ने भी श्रीनाथजी के दर्शन किए । इसके बाद मंदिर के बैठकजी में श्रीकृष्ण भंडार के अधिकारी सुधाकर उपाध्याय ने मंदिर परंपरानुसार उनका उपरना रजाई ओढ़ाकर व श्रीनाथजी का प्रशाद भेंट कर मुरारी बापू व मदन पालीवाल का समाधान किया ।

## छात्रों को जोखिम प्रबंधन तथा आर्थिक साक्षरता के महत्व पर दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन कम्मोडिटी मार्केट का आयोजन योजना मंच के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आर. आर. सोनी फाइनेंशियल एजुकेटर एण्ड ट्रेनर, सेबी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कमोडिटी मार्केट, निवेश के अवसर, जोखिम प्रबंधन तथा आर्थिक साक्षरता के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता और भविष्य की आर्थिक समझ को मजबूत करते हैं। प्रो. (डॉ.) पी. एम. मीणा ने वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता पर अपना व्यक्तव्य दिया।

विषय प्रवर्तन एवं कार्यक्रम का संचालन योजना मंच के संयोजक डॉ. अशोक मीना द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. शिव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजसमंद में SIR गतिविधि पूरी रफ्तार पर, फार्म वितरण कार्य 90 प्रतिशत पूरा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएआर) कार्यक्रम इन दिनों पूरी तेजी पर चल रहा है। जिला कलेक्टर अरुण कुमार हंसीजा ने बताया कि फार्म वितरण कार्य 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, जिसे आज शाम तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने बताया कि फार्म डिजिटाइजेशन कार्य भी समानांतर रूप से शुरू कर दिया गया है, जिसके लिए सभी बीएलओ को आवश्यक सहयोगी और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। अब तक 6 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कल तक यह आंकड़ा 10 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। कलेक्टर हंसीजा ने बताया कि फार्म वितरण के दौरान कुछ तकनीकी और क्षेत्रीय स्तर की छोटी समस्याएं सामने आई थीं, जिनके समाधान के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

### प्रथम स्थान पर उज्जवल, दूसरे स्थान पर याशिका तथा तीसरे स्थान पर लक्षिता

# लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा आयोजित गौ रक्षा निबन्ध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9ए जोन . 4ए क्लब संख्या 095645 के लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्यों द्वारा बुध विहार स्थित कांजी हाउस नंदी गौशाला में आर बालियान पब्लिक स्कूल के संचालक रविन्द्र बालियान एवं अचला बालियान के दिशानिर्देशन में बच्चो का भ्रमण करवाया गया !

इस भ्रमण में कक्षा 6,7,8 के बच्चो ने भाग लिया सभी बच्चो को गौ शाला के हर स्थान को दिखाया साथ ही बच्चो को ये भी बताया गया कि इस गौ शाला को खोलने के पीछे क्या उद्देश्य है कैसे घायल, असहाय, बीमार गायों, बैलो को यहाँ लाकर उनकी देखभाल की जाती है उनका उपचार किया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को गौ रक्षा पे एक निबन्ध लिखने को भी कहा गया था जिसमे कक्षा 7, 8 के बच्चो ने भाग लिया था निबन्ध प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरूस्कार देने के लिये आज आर बालियान पब्लिक स्कूल में पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि पीडीजी एमजेएफ लायन शशि गोयल, अति विशिष्ट अतिथि क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मंजू अग्रवाल थी। दोनों ही अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गौ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए हमेशा गौ का सम्मान एवं रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध किया।लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य व कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुध विहार स्थित ;कांजी हाउसद्ध नंदीगौशाला में अनावृत 01 जुलाई 2025 से लगातार गौ सवामनी का आयोजन किया जा रहा है नंदी गौ शाला में उपस्थित गाय-बैलो को गुड एवं हरा चारा,सब्जियों में बैंगन, भिण्डी, खीरा,हरा पालक,मूली इत्यादि खाने को दिया जाता है वही घायल, बीमार गायों, बैलो का इलाज भी करके उनकी सेवा की जाती है 7 बच्चो द्वारा गौ रक्षा पर लिखे निबन्ध प्रतियोगिता में आज पुरूस्कार वितरण समारोह में प्रथम स्थान पर कक्षा 7 के उज्जवल, दूसरे स्थान पर कक्षा 8 की याशिका तथा तीसरे स्थान पर कक्षा 7 की लक्षिता रही सांत्वना पुरूस्कार 7 वीं कक्षा की सिमर कौर, कशिश, वंशिका को तथा कक्षा 8 में निशा कसाना,ऋषभ,मानसी को दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चो को एक एक पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अलवर मत्स्य से पीडीजी एमजेएफ लायन शशि गोयल एक्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मंजू अग्रवाल,कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता, सह.संयोजक लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन गोविन्द गोयल,लायन प्रदीप कुमार धामानी, लायन घनश्याम अग्रवाल, उपस्थित रहे । आर बालियान पब्लिक स्कूल से रविन्द्र बालियान, अचला बालियान, जय प्रकाश गुप्ता, हेमलता गुप्ता, अध्यापिकाओ में नीलम शर्मा, कविता जैन, पूनम कौशिक, पिंकी सैनी, शशि यादव, रीना अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बच्चो ने बढ-चढ कर भाग लिया । मंच संचालन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता ने किया ।

## गायत्री परिवार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गुरुवार को कृपानिधि विद्यापीठ, जवाहर नगर,हनुमान सर्किल के पास अलवर में गायत्री परिवार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के विद्वान परिजनों ने छात्रों को जीवन जीने की कला के सूत्र बताए। सर्व प्रथम जिला युग साहित्य समन्वयक श्री दौलतराम शर्मा जी ने गायत्री परिवार का उद्देश्य और किए जा रहे क्रिया कलापों की जानकारी दी। साथ ही मिशन की नैतिक उत्थान की दो पत्रिका अखण्ड ज्योति और युग निर्माण योजना की जानकारी देकर उनको स्टाफ से ग्राहक बनने का अनुरोध किया। उसके बाद गायत्री परिवार की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डॉक्टर सरोज गुप्ता ने विश्ववारा देवसंस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति और वामपंथी विचारधारा द्वारा किए जा रहे आघात से बचाने के लिए राष्ट्र के भाग्य विधाता छात्रों से सतर्क रहने का आग्रह किया।उन्होंने छात्रों से अपनी वैदिक संस्कृति अपनाने का अनुरोध किया। साथ ही चायपान से होने वाली हानि और ऊषापान;जलपानद्धसे होने वाले लाभ बताकर चाय छोडने और अपने परिसर में सफाई रखने का संकल्प कराया । गायत्री परिवार के मूर्धन्य और वरिष्ठ परिजन पूर्व सत्र न्यायाधीश श्री सतीश कौशिक जी ने राष्ट्र को श्रेष्ठ और समर्थ बनाने के लिए व्यक्ति निर्माणए परिवार निर्माण और समाज निर्माण के सूत्र बताकर उनको अपने जीवन में उतारने का संकल्प कराया। पूर्व प्रिंसिपल श्रीमती निशा ज्योति शर्मा जी ने बताया कि आज गाय माता को आवारा बनाकर छोड़ दिया जाता हैए जो चारे के अभाव में खाद्य पदार्थों की पन्नी को खाकर अपना लीवर खराब कर रहीं हैं, अतः आपको राष्ट्र को समुन्नत बनाने के लिए गाय का संरक्षण और संवर्धन करना होगा। मोबाइल के दुरुपयोग से गलत चित्रण देखकर किशोर और किशोरियों का चारित्रिक पतन होने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।विभिन्न स्कैम हमें अपने जल में फंसा रहे हैं।

अतः मोबाइल का आवश्यक और सीमित रूप में सदुपयोग करें। इस अवसर पर श्री देवकीनंदन अग्रवाल और राजेंद्र सेठी जी द्वारा मिशन के युग साहित्य का पुस्तक मेला लगायाए जिसमें अधिकांश छात्रों ने अपनी अभिरुचि के अनुसार पुस्तक क्रय की। इस अवसर पर देवकीनंदन अग्रवाल और राजेंद्र सेठी द्वारा मिशन के युग साहित्य का पुस्तक मेला लगाया, जिसमें अधिकांश छात्रों ने अपनी अभिरुचि के अनुसार पुस्तक क्रय की।

## वन विभाग ने की कार्रवाई- 8 बीघा वन भूमि में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** न्यायालय सहायक वन संरक्षक राजगढ़ के आदेशों की पालना में गुरुवार को वन संरक्षक राजगढ़ पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत व क्षेत्रीय वन अधिकारी राजगढ़ राहुल फौजदार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने पुलिस थाना टहला के सहयोग से वन भूमि पर हुए एक बड़े अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

यह कार्रवाई ग्राम कुंडला (राजपुर बड़ा) के अतिक्रमण स्थल गिर्राज मीणा पुत्र श्रवण मीणा के वनखण्ड कुंडला में खसरा सं. 53 में की गई। यहां करीब 7-8 बीघा वन भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही थी। वन विभाग ने 2 जेसीबी मशीनों के सहयोग से लगभग 2-3 घंटे की भारी मशक्कत के बाद बोई हुई सरसों की फसल को नष्ट किया और खेतों में बनाए गए मेड़ व 2 झोंपड़ों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर विभाग ने वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर अवैध कब्जे को बेदखल कर संपूर्ण वन भूमि को कब्जे में ले लिया है।

इस कार्रवाई के दौरान पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत सहायक वन संरक्षक राजगढ़, राहुल फौजदार क्षेत्रीय वन अधिकारी राजगढ़, जितेन्द्र सैन क्षेत्रीय वन अधिकारी थानागाजी, प्रदीप यादव रेंजर गस्तीदल, मनोज कुमार रेंजर गस्तीदल, जसवंत सिंह नाका प्रभारी कुंडला, दिलीप सिंह सहायक वनपाल, राकेश यादव सहायक वनपाल, विजेन्द्र सहायक वनपाल, हरकेश सहा. वनपाल, शकुंतला सैनी सहा. वनपाल राजगढ़, शिवचरण, पवन, लोकेश चौधरी, रिंकू, गणेश,शीला, रामकली,निरमा बाई व अन्य 40-50 स्टाफ कार्यवाही में मौजूद रहे।

## नाबालिग से रेप के अभियुक्त को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर की पॉक्सो कोर्ट नंबर- 4 ने नाबालिग लडक़ी से रेप के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज हिमाकनी गौड़ ने दोषी पर 62,500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दोषी ने 28 अक्टूबर 2022 की रात एक घर में घुसकर पीडि़ता को देसी कट्टे से डराया और उसके साथ जबरदस्ती रेप किया था। कोर्ट ने फैसले में कहा- यह अदालत मानती है कि समाज में लड़कियों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए दोषी को आजीवन कारावास की सजा देना ही उचित है। समाज पर गंभीर प्रभाव को देखते हुए नरमी नहीं बरती जा सकती। सरकारी वकील प्रशांत यादव ने बताया- पीडि़ता ने 27 सितंबर 2023 को कोटकासिम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, गांव का ही एक व्यक्ति 28 अक्टूबर 2022 की रात घर में घुसा और देसी कट्टे से धमकाकर उसके साथ रेप किया।

इसके बाद भी आरोपी कई बार कॉलेज जाते समय उसे बस से उतारकर होटल में ले जाकर रेप करता रहा और अश्लील फोटो और वीडियो बना लीं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ 6 अन्य गंभीर अपराधों के मामले भी दर्ज हैं।

**आजीवन कारावास की सजा देना ही न्यायसंगतः** जांच अधिकारी नंदलाल ने गहन जांच के बाद आरोप पत्र अदालत में पेश किया। अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों और 32 दस्तावेजों के आधार पर मामला सिद्ध किया।

### मेरे जीवन में यहां की पोस्टिंग यादगार,अपराध को रोकने में आमजन तैयार

# सर्वसमाज ने किया पूर्व थानाधिकारी का सम्मान, तिवाड़ी ने दिया भोज

बढ़ता राजस्थान



बढ़ता राजस्थान
बानसूर(धीरज मौर्य)। बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना बानसूर के पूर्व थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक व उनकी धर्मपत्नी ममता मलिक का रामनगर स्थित उमराव बाग में सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने माला-साफा पहनाकर व सॉल ओढ़ाकर भव्य सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि यहाँ की पोस्टिंग मेरे जीवन की यादगार पोस्टिंग रही। क्योंकि यहाँ का मीडिया,अस्पताल के चिकित्सक, नगर पालिका का स्टॉफ और आमजन ने भरपूर पुलिस की मदद की। यहाँ के सर्वसमाज के नागरिक शान्तिप्रिय हैं और अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस का भरपूर सहयोग करते हैं। उन्होंने अंत में कहा जय -जय राजस्थान, जय-जय बानसूर। वहीं इस मौके पर ओमप्रकाश, सुरेश, बृजलाल मीणा, राजेश शर्मा, नरेश यादव, रतीजी, सी. एस. मीणा, चन्द्रशेखर सोगत, शियाराम गुर्जर, गोपीचंद शर्मा धर्मवीर का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं पूर्व मंत्री शकुंतला रावत का भी सर्वसमाज के लोगों द्वारा भव्य सम्मान किया गया। उपस्थित लोगों को कांग्रेस नेता नारायणदत्त तिवाड़ी द्वारा भोज भी दिया गया। इस मौके पर भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, सत्यवीर यादव,डॉ आर. सी. यादव, डॉ विजय यादव, पूर्व सरपंच धूमिलाल शर्मा, मोहनलाल यादव,महेश रावत, महावीर बालासिया, राजेन्द्र बालासिया, पियूष पुरोहित, रामानंद दीक्षित, बृजमोहन ऐरन सहित गणमान्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

### युवाओं/छात्रों व यात्रियों को मिले बेहतर सेवाएं-शेखावत

# विधानसभा क्षेत्र में विकास के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर मांग पत्र सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवीसिंह शेखावत ने बानसूर के विकास के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा से मुलाक़ात की। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बजट आबंटन के लिए मांग पत्र सौंपा। शेखावत ने कहा कि डॉ बैरवा से मुलाकात सकारात्मक रही।उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बजट स्वीकृति और नई योजनाओं की मांग रखते हुए स्थानीय निवासियों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद भी जताई।

शेखावत ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र में परिवहन, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी समस्याओं से डॉ बैरवा को रूबरू करवाया।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और यात्रियों के हित में हैं,जो इनके शीघ्र कार्यान्वयन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।वहीं डॉ बैरवा ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन भी दिया है।

मांगों में सबसे प्रमुख बस स्टेण्ड बानसूर के निर्माण हेतु तत्काल बजट स्वीकृति शामिल है।जो क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए ग्रामीण यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

इसके अलावा, विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर नई बस सेवाएं शुरू करने का अनुरोध भी किया गया, जो दूरदराज के गांवों को मुख्य शहरों से जोड़ेगा और रोजगार के अवसर बढ़ाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय कॉलेज बानसूर में विज्ञान संकाय की स्थापना और एक बड़े पुस्तकालय का निर्माण शामिल है। जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।

इसी तरह, राजकीय कन्या महाविद्यालय नारायणपुर में बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु बजट आवंटन की मांग रखी गई, जो छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।यह मुलाकात क्षेत्रीय विकास के संदर्भ में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन मांगों पर अमल होने से बानसूर और नारायणपुर जैसे क्षेत्रों में शिक्षा और परिवहन की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा।



# छत्तीसगढ़ के नेशनल पार्क जंगलों में बड़ी मुठभेड़

## 27 लाख इनामी 6 माओवादी ढेर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नेशनल पार्क क्षेत्र के घने जंगलों में बड़ी कार्रवाई की है। खुफिया सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

11 नवंबर की सुबह से चली रुक-रुक कर गोलीबारी में 6 कुख्यात माओवादी मारे गए। मारे गए माओवादियों पर कुल 27 लाख रुपए का इनाम था। मुठभेड़ कांदुलनार-कचलारम जंगलों में हुई, जो पश्चिम और दक्षिण बस्तर डिवीजन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

मारे गए माओवादियों में एक की पहचान डीवीसीएम कन्ना उर्फ बुचन्ना (8 लाख इनामी), मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज के रूप में हुई है। 35 साल का यह माओवादी 42 अपराधों में वांछित था। यह कैंप अटैक, ग्रामीण हत्याएं, आईईडी ब्लास्ट, बस जलाना, डकैती और शिक्षकों की हत्या में शामिल था। दूसरे की पहचान डीवीसीएम उर्मिला (8 लाख इनामी), पापाराव की पत्नी, पामेड़ एरिया कमेटी सचिव के रूप में हुई है। पीएलजीए बटालियन की सप्लाई चेन संभालती थी, जो ग्रामीणों को डराकर भर्ती करती थी। तीसरा एसीएम जगत तामो उर्फ मोटू (5 लाख इनामी), मद्देड़ एरिया कमेटी सदस्य था।

# लुधियाना में 10 आईएसआई एजेंट गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**लुधियाना ( एजेंसी )।** पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से संचालित किए जा रहे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के इशारों पर काम कर रहे 10 बड़े गुर्गों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आरोपी मलेशिया में बैठे तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे, ताकि हैंड ग्रेनेड को भारत पहुंचाया जा सके। हैंडलर्स द्वारा आरोपियों को पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए आबादी वाले क्षेत्र में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था। मगर, हमले से पहले ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया है, जिनमें मलेशिया में बैठे राजस्थान निवासी गुर्गे अजय का भाई भी शामिल है। पुलिस अब इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है, ताकि इन लोगों के भारत में सभी कॉन्टैक्ट्स तक पहुंचा जा सके।

### पंजाब पुलिस खंगाल रही पूरा नेटवर्क

पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इनमें पंजाब के फरीदकोट के सुखजीत सिंह उर्फ सुख बराड़, सुखविंदर सिंह, श्री मुक्तसर साहिब के साजन कुमार उर्फ संजू, कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय शामिल है। इसके अलावा राजस्थान के श्रीगंगानगर का रहने वाला करणवीर सिंह उर्फ विक्की भी शामिल है।

### अजय मलेशिया का भाई प्रोडक्शन वारंट पर

विदेश में बैठे अजय मलेशिया के स्थानीय साथी अमरीक सिंह तथा परमिंदर उर्फ चिरी थे, इनको भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि अजय मलेशिया के भाई अजय सिंह को पुलिस जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। अमरीक सिंह, परमिंदर सिंह उर्फ चिरी और विजय को मिलाकर कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया इम्प्रैक्टिल, कहा- जानवरों के प्रति दया-भावना जरूरी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** पशु अधिकारों की पैरोकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने गुरुवार को आवारा पशुओं को हटाकर आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देश को अव्यावहारिक करार देते हुए कहा कि भारत में पशुओं के प्रति हमारा नजरिया दया-भावना पर टिका होना चाहिए। कोर्ट ने हाल ही में अपने फैसले में स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और अन्य भवनों से आवारा कुत्तों को हटाने, उनकी नसबंदी व टीकाकरण कराकर शेल्टर होम में रखने का आदेश जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों के काटने की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि पर ध्यान देते हुए अधिकारियों को ऐसे पशुओं को निर्धारित आश्रयों में भेजने का निर्देश दिया। साथ ही, शीर्ष अदालत ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया समेत संबंधित एजेंसियों को राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे से आवारा पशुओं और मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए हैं। एक कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर पूछे गए सवाल के जवाब में मेनका गांधी ने कहा कि कोर्ट ने निर्देश दिया है कि कुत्तों को हटाओ, बिल्लियों को हटाओ, बंदरों को हटाओ, उन्हें शेल्टर में डालो, नसबंदी करो, लेकिन हकीकत में कोई भी ऐसा नहीं कर पाएगा... यह पूरी तरह अव्यावहारिक है। उन्होंने स्थानीय निकायों के बीच तालमेल की कमी पर भी चिंता जताई और जोर दिया कि पशुओं के साथ भारत का व्यवहार नियंत्रण की बजाय दया और सहानुभूति से निर्देशित होना चाहिए।

मुख्यमंत्री का नई दिल्ली दौरा

# राजस्थान को विकास के नए आयाम देने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा की सार्थक पहल

## राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाओं के मद्देनजर विद्युत निकासी के सुदृढ़ीकरण को लेकर हुई अहम चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को नए आयाम देने की दिशा में शहरी विकास, ऊर्जा, जल परियोजनाओं एवं कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भेंट के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में राजस्थान में भारत के सौर ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने की अपार संभावनाओं को देखते हुए विद्युत निकासी के सुदृढ़ीकरण को लेकर सार्थक चर्चा की गई।

### टॉवर बेस मुआवजा दर, डी.एल.सी. की 400 प्रतिशत तक-

बैठक में अवगत कराया गया कि किसानों के हित में टॉवर बेस मुआवजा दर को डी.एल.सी. दर के 400 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है जबकि कॉरिडोर मुआवजा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 प्रतिशत, नगरपालिका क्षेत्रों में 45 प्रतिशत तथा नगर निगम क्षेत्रों में 60 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

### डिस्कॉम्स की ए.टी. एण्ड सी. हानियों में आ रही कमी-

बैठक में यह भी बताया गया कि ए.टी. एण्ड सी. हानियों में लगातार कमी आ रही है। इसी क्रम में जयपुर एवं अजमेर डिस्कॉम अब 15 प्रतिशत के स्तर से नीचे आ चुके हैं। साथ ही, आर.डी.एस.एस. योजना के क्रियान्वयन की गति में सुधार किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के ऊर्जा विकास में सहयोग के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने जयपुर मेट्रो के चरण-2 की डीपीआर स्वीकृति को लेकर भी विस्तृत चर्चा की।



### मुख्यमंत्री की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात के दौरान प्रदेश में जल आपूर्ति, जल संचयन सहित जल परियोजनाओं पर वार्ता की। दोनों के मध्य फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना की प्रगति को लेकर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश में चल रहे कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की सफलता की सराहना की गई।

# सीकर में एक वोटर के 7 ईपीआईसी कार्ड घर पहुंचे

## कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट; चुनाव आयोग ने कहा- 7 बार ऑनलाइन आवेदन से बना कार्ड?

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सीकर में एक युवा वोटर के 7 ईपीआईसी कार्ड निर्वाचन आयोग ने जारी कर दिए। इसके बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इसे सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके व्यक्ति एक, वोट अनेक बीजेपी की 'वोट चोरी' योजना लिखकर एक बार फिर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया है। कांग्रेस की इस टिप्पणी के बाद निर्वाचन आयोग ने इसका फैक्ट चेक करवाया। बाद में अपनी गलती स्वीकार करते हुए इस पर स्पष्टीकरण देकर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा है।

### 18 साल के वोटर के 7 वोटर आईडी कार्ड भेजे घर, सभी का ईपीआईसी नंबर अलग-अलग

सीकर जिले के मेघराज पटवा (18) के घर 7 वोटर ङ्खष्ठ कार्ड भेज दिए गए, जिनमें सभी का ईपीआईसी नंबर अलग-अलग है। सभी कार्ड में फोटो, नाम, जन्म तारीख सहित अन्य जानकारी एक ही है। ये कार्ड जब सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ तो कांग्रेस ने इसे वोट चोरी के मुद्दे से जोड़कर निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत ने लिखा- नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार ने संविधान के 'एक व्यक्ति, एक वोट' सिद्धांत को चौपट कर दिया है।

# पायलट को दोषी नहीं ठहराया गया

## एयर इंडिया मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र और डीजीसीए का जवाब

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार (13 नवंबर) को स्पष्ट किया कि हाल ही में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पायलट को दोषी नहीं ठहराया गया है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, डीजीसीए और अन्य अधिकारियों को एयर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के पायलट-इन-कमांड दिवंगत कैप्टन सुमीत सभरवाल के पिता पुष्कर राज सभरवाल द्वारा दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किया था। यह विमान जून में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और इसमें 260 लोग मारे गए थे। याचिका में एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ जाँच की माँग की गई है।



सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह दुर्घटना हुई, लेकिन आपको यह बोझ नहीं उठाना चाहिए कि आपके बेटे को दोषी ठहराया जा रहा है... कोई भी उसे दोषी नहीं ठहरा सकता। न्यायमूर्ति कांत ने आगे स्पष्ट किया, भारत में कोई नहीं मानता कि यह पायलट की गलती थी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने आगे कहा कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट में पायलट की ओर से किसी भी तरह की गलती का संकेत नहीं दिया गया है। 12 जून, 2023 को, एयर इंडिया का विमान एआई-171 पश्चिमी भारत के अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप 241 यात्रियों सहित 260 लोगों की मौत हो गई। ए एआईबी की एक प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के ईंधन इंजन के स्विच उड़ान भरने के बाद लगभग एक साथ रन से कटऑफ़ पर स्विच हो गए।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय-महासचिव ने नहीं लौटाई करोड़ों की पेंटिंग, केस चलेगा

## पूर्व राजपरिवार के सदस्य ने पत्नी के लिए ली उधार, एमएफ हुसैन ने बनाई थी

अलवर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह पर मकबूल फिदा हुसैन की करोड़ों रुपए की पेंटिंग वापस नहीं लौटाने का आरोप है। इन आरोपों पर अलवर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य पर दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज ने केस चलाने के आदेश दिए हैं। आरोपी की ओर से झूठे आश्वासन देना, बार-बार कहने पर भी पेंटिंग न लौटाना और अंत में इनकार करना, आपराधिक विश्वासघात की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने माना कि आरोपों की जांच के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। दरअसल, आरोप है कि पूर्व मंत्री ने साल 2014 में तत्कालीन कांग्रेस सांसद प्रभा ठाकुर से एमएफ हुसैन की एक पेंटिंग उधार ली थी। इसके बाद परिवार ने कई बार उनसे उसे लौटाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने पेंटिंग वापस नहीं की। इसी को लेकर प्रभा ठाकुर के बेटे रोहित सिंह ने कोर्ट में याचिका लगाई थी।

# निकाय और पंचायत चुनाव : फरवरी नहीं मई में होंगे चुनाव - झाबर सिंह खर्रा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान में वन स्टेट, वन इलेक्शन को लेकर चल रही सियासत के बीच अब तस्वीर साफ होती दिख रही है। शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में नगर निकाय और पंचायत चुनाव अब मई 2026 में ही कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और स्वशासन विभाग की सभी तैयारियां पूरी हैं, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के चलते फिलहाल चुनाव कराना संभव नहीं हो पाया।

खर्रा ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि राज्य सरकार सितंबर तक अपने स्तर पर सभी आवश्यक कार्य पूरे कर चुकी है। नगर निकायों की सीमा विस्तार, वार्डों के परिसीमन और पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी होकर नोटिफिकेशन भी जारी किए जा चुके हैं। मंत्री के अनुसार, अब सरकार की ओर से ऐसा कोई काम शेष नहीं है जो चुनाव में रुकावट बने।

### आरक्षण तय होना अभी बाकी

उन्होंने कहा कि दो महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को निकायवार ओबीसी वर्ग के आंकड़े जुटाने हैं। वहीं और दूसरा, आरक्षण तय होने के बाद वार्डों की लॉटरी निकालनी है। आयोग ने पहले सितंबर तक सर्वे पूरा करने का भरोसा दिया था, जिसके आधार पर दिसंबर में चुनाव प्रस्तावित थे, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ङ्खक्रकार्यक्रम घोषित किए जाने के कारण यह संभव नहीं हो पाया।

### एसआईआर में घट सकती है मतदाताओं की संख्या

मंत्री ने यह भी कहा कि पुरानी मतदाता सूची के आधार पर मतदान कराना वैधानिक रूप से उचित नहीं होगा, इसलिए आयोग के कार्यक्रम के पूर्ण होने तक इंतजार करना जरूरी है। उन्होंने जयपुर महानगर का उदाहरण देते हुए कहा कि, जयपुर से ही लाख-डेढ़ लाख लोगों का मतदाता सूची से नाम कट सकता है। ऐसे में पुरानी सूची के आधार पर चुनाव कराना ठीक नहीं है। एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मतदाता सूची की तस्वीर साफ हो जाएगी, जिसके बाद चुनावी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी।



### परीक्षा के बीच में नहीं हो सकता चुनाव

मंत्री ने कहा कि अनुमान है कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण 15 फरवरी तक पूरा हो जाएगा, लेकिन इसके तुरंत बाद मार्च-अप्रैल में स्कूल और कॉलेजों की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। शिक्षा विभाग की मैनपावर चुनावी कार्यों में अहम भूमिका निभाती है, ऐसे में इस अवधि में चुनाव कराना व्यावहारिक नहीं है।

### चुनाव के लिए सरकार पूरी तरह तैयार

खर्रा ने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए %वन स्टेट, वन इलेक्शन% के तहत निकाय और पंचायत चुनाव अब मई 2026 में कराना ही सबसे उपयुक्त विकल्प है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार पूरी तरह तैयार है, बस निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के पूरा होते ही प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# एसआई-भर्ती में 3 साल से ज्यादा आयुसीमा में छूट नहीं

## हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर लगाई रोक

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2025 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 3 साल से अधिक की छूट नहीं मिलेगी। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने सरकार को ऐसे अभ्यर्थियों को तीन साल से अधिक आयु सीमा में छूट देने के लिए 8 सप्ताह में निर्णय लेने के निर्देश दिए थे, जिसके खिलाफ सरकार ने अपील दायर की थी। अपील पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार